मार्गशीर्ष कृष्णा - 13 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 136 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 11-12-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com




# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 'संदिग्ध विदेशियों' को जमीन न बेचने का संकल्प लें : हिमंत

6 दुनियाभर में दिखा मोदी की गारंटी का जलवा

7 अमिताभ की पोस्ट से हैरान हुए दर्शक व पाठक, तस्वीर से हट नहीं रही नजरें


## फर्स्ट टेक

### यमन की ओर से आए दो ड्रोन ने हमारे युद्धपोत को निशाना बनाया : फ्रांस

**पेरिस/एपी।** फ्रांस ने रविवार को कहा कि लाल सागर में उसके एक युद्धपोत को यमन की ओर से आए दो ड्रोन ने निशाना बनाया। इसके बाद, दोनों ड्रोन को मार गिराया गया। सैन्य मंत्रालय की ओर से जारी संक्षिप्त बयान में यह नहीं बताया गया कि शनिवार रात फ्रांसीसी नौसेना के लेंग्वेडोक पोत पर हमले के लिए ड्रोन किसने भेजे थे। बयान में कहा गया है कि ड्रोन एक-एक कर दो घंटे के अंतराल पर सीधे पोत की तरफ आए। युद्धपोत ने लाल सागर से लगभग 110 किलोमीटर की दूरी पर ये ड्रोन मार गिराए। बयान में यह नहीं बताया गया है कि ड्रोन को मार गिराने के लिए युद्धपोत से किन हथियारों का इस्तेमाल किया गया। पोत लाल सागर में फ्रांसीसी नौसेना के एक मिशन पर था।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति की विकासशील देशों से समर्थन प्राप्त करने की कोशिश

**कीव/एपी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अर्जेंटीना के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर मिलाई के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना हुए। जेलेंस्की के कार्यालय ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति की यह पहली लातिन अमेरिकी देश की यात्रा है। यह यात्रा रूस के साथ करीब दो साल से जारी युद्ध में यूक्रेन के लिए विकासशील देशों से समर्थन जुटाने की कोशिश के तौर पर देखी जा रही है। अर्जेंटीना के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मिलाई को पश्चिमी देश का समर्थक माना जाता है और उन्होंने रूस और चीन के प्रति अविश्वास जताया था। मिलाई के जीत के तुरंत बाद जेलेंस्की ने उन्हें फोन कर बधाई दी थी और 'यूक्रेन का स्पष्ट रूप से समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया था।

### भारत ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया

**मुम्बई/वार्ता।** स्मृति मांधना के 48 रनों की शानदार पारी और इससे पहले इशाक, श्रेयंका, रेनुका और अमनजोत की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को पांच विकेट से हरा दिया। 127 रनों के लक्ष्य का पीछ करने उतरी भारतीय टीम को केम्प ने तीसरे ओवर में शेफाली वर्मा को छह रन पर बोल्ड कर पहला झटका दिया। उसके बाद 12वें ओवर में जेमिमाह रॉड्रिग्स 29 रन को डीन ने पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। 16वें ओवर में दीप्ति शर्मा 12 रन के रूप में भारत का तीसरा विकेट गिरा। स्मृति मांधना 48 रन अपना अर्धशतक बनाने से चूक गई। उन्हें एकल्सटन ने डंकली के हाथों कैच आउट कराया।

सूर्यास्त 11-12-2023 5:54 बजे | सूर्योदय 12-12-2023 6:31 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 69,825.60 | 20,969.40 |
| (+303.91) | (+68.25) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,565 रु. | 79,730 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |


मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### पक्ष-विपक्ष

सत्ता जिसको भी ठीक कहे,
प्रतिपक्ष उसे अनुचित कहता।
सच्चाई पर सहमति के बिन,
भटकाव बना हरदम रहता।
कमजोर तर्क की नींवों पर,
जो महल बना जल्दी ढहता।
उम्मीद लगाए जन मानस,
परिवर्तन धारा में बहता।।

# 'विश्वगुरु' का गौरव पुनः प्राप्त करने के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर रहा भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जमशेदपुर (झारखंड)/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि भारत 'विश्वगुरु' के रूप में गौरव पुनः प्राप्त करने के लिए अपना रास्ता तैयार कर रहा है और यह इस दशक के अंत तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है।

जमशेदपुर में एक्सएलआरआई के प्लैटिनम जुबली समारोह में धनखड़ ने कहा कि देश चौथी औद्योगिक क्रांति की दहलीज पर खड़ा है। उन्होंने संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा, ''यह वास्तव में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों से प्रेरित एक परिवर्तनकारी युग है। कृत्रिम मेधा, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग, 6जी प्रौद्योगिकी और हरित हाइड्रोजन जैसी प्रौद्योगिकियों का उदय अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। इनमें उद्योगों को फिर से परिभाषित करने, समाधानों की फिर से कल्पना करने और हमारे जीने एवं काम करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है।'' उपराष्ट्रपति ने कहा, आज, हमारे देश की शक्ति को वैश्विक मान्यता मिल रही है, चाहे वह भूमि, समुद्र, वायु या अंतरिक्ष पर हो। हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और हमारी सदियों पुराने सभ्यतागत मूल्यों को बनाए रखने वाले पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए इसे युवा नेताओं के समर्थन की आवश्यकता है।

## मानवाधिकार लोकतंत्र का प्रमुख स्तंभः धनखड़

**नई दिल्ली/वार्ता।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मानवाधिकार को लोकतंत्र का एक प्रमुख स्तंभ करार देते हुए कहा है कि भारत में मानवाधिकारों का पालन विश्व के लिए एक आदर्श है। धनखड़ ने रविवार को यहां मानव अधिकार दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार संरक्षण में भारत की भूमिका उल्लेखनीय है। पूरी दुनिया में मानवाधिकारों के पालन को लेकर भारत का उदाहरण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में मानवाधिकारों का संरक्षण भारतीय संस्कृति और सभ्यता तथा संविधान में समाहित है।

उपराष्ट्रपति ने संविधान में मानवाधिकारों से संबंधित प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि मानवाधिकार लोकतंत्र का आधार स्तंभ है। भारत के राष्ट्रपति के रूप में एक आदिवासी महिला की नियुक्ति को मानवाधिकारों का प्रमाण बताते हुए

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मानवाधिकार एक यज्ञ के समान एक सामूहिक प्रयास है, और इसमें योगदान देना सभी की साझा जिम्मेदारी है। यह प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित है। उन्होंने कहा, मानवाधिकारों का उत्थान एक हवन है, जिसमें हर किसी को आहुति देनी चाहिए, योगदान देना चाहिए।



# विष्णुदेव साय बनेंगे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

## छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने किया मनोनीत

**रायपुर/वार्ता।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री मनोनीत करते हुए उन्हे शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया है।

राज्यपाल हरिचंदन से इससे पूर्व आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा के अध्यक्ष अरूण साव ने पार्टी नेताओं के साथ मिलकर भाजपा के नव निर्वाचित विधायकों द्वारा सर्वसम्मति से साय को प्रदेश विधायक दल का नेता चुने जाने सम्बन्धी पत्र सौंपा और नई सरकार बनाने के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया। हरिचंदन ने साय को नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संविधान की धारा 164 के तहत श्री साय को मुख्यमंत्री नियुक्त करने संबंधित पत्र प्रदान किया और केबिनेट गठन के लिए आमंत्रित किया।

## अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को

# चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज फैसला सुनाएगा उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। उच्चतम न्यायालय पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना निर्णय सुनाएगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 11 दिसंबर (सोमवार) की सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ फैसला सुनाएगी। पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत हैं। शीर्ष अदालत ने 16 दिनों की सुनवाई के बाद पांच सितंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बचाव करने वालों और केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य की दलीलों को सुना था। याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यंत दवे और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बहस की थी।

केंद्र सरकार ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों-जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था।

## आकाश आनंद को मायावती ने किया अपना उत्तराधिकारी घोषित

**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। मायावती द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में बुलाई गई पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होने आए बसपा की शाहजहांपुर इकाई के जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने बैठक में अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। उन्होंने बताया कि यहां बसपा कार्यालय में हुई देश भर के पार्टी नेताओं की बैठक में मायावती ने यह घोषणा की। बसपा के विधान परिषद सदस्य भीम राव आंबेडकर ने भी पुष्टि की कि मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है।

# गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर सहित अब तक चार लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जयपुर/वार्ता।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर सहित अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस मामले के दोनों शूटर रोहित राठौड़ एवं नितिन फौजी और फरारी के दौरान इनकी मदद करने वाले आरोपी उदम सिंह सैन को शनिवार देर रात चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें राजस्थान लाया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है।

जोसेफ ने बताया कि गत पांच दिसंबर को गोगामेड़ी की हत्या के बाद ये दोनों शूटर जयपुर शहर से फरार होने में सफल हो गए थे। इसके बाद आरोपियों को चिह्नीकरण एवं दस्तयाब करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी लेकिन पुलिस को कुछ तकनीकी इनपुट मिले और उसकी मदद से उनका सुराग ढूंढते हुए पुलिस ने उनका पीछा किया लेकिन सात दिसंबर तक पुलिस टीम दोनों आरोपियों से छह या आठ घंटे पीछे थी। इस बीच एसआईटी के पास अहम सूचना मिली कि आरोपियों को डीडवाना में देखा गया है। इससे पहले इन आरोपियों को जयपुर शहर में अन्य लोगों द्वारा क्या सुविधाएं दी गई, ये कहां कहां गए, कहां रुके, कहां खाना खाया और कौन से वाहन का उपयोग किया गया इन सबका अनुसंधान किया गया जो रिकार्ड में आ गया।

# केन्द्र की जाति आधारित गणना में रोड़ा अटकाने की मंशा नहीं : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/पटना/वार्ता।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केन्द्र सरकार की जाति आधारित गणना में रोड़ा अटकाने की कभी कोई मंशा नहीं रही है और जब उनकी पार्टी बिहार में सत्ता में साझीदार थी तब उसने जाति आधारित गणना का समर्थन किया था।

शाह ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करते यह बात कही। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और झारखंड, ओड़ीशा, पश्चिम बंगाल तथा बिहार के वरिष्ठ मंत्री शामिल हुए। बैठक में अंतर राज्य परिषद सचिवालय की सचिव, सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और राज्य सरकारों तथा केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

बिहार में कराए गए जाति आधारित सर्वे के बारे में श्री शाह ने कहा कि जब उनकी पार्टी बिहार में सत्ता में साझीदार थी, तब उसने जाति आधारित गणना का समर्थन किया था और राज्यपाल ने संबंधित विधेयक को को मंजूरी भी दे दी। उन्होंने कहा कि जाति आधारित गणना को लेकर कुछ मुद्दे हैं और आशा है कि राज्य सरकार उन्हें सुलझा लेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जाति आधारित सर्वे में रोड़ा अटकाने की कभी कोई मंशा नहीं रही। उन्होंने कहा कि पूर्वी क्षेत्र ने समग्र देश के औद्योगिक विकास की नींव रखी है और आज़ादी से पहले और बाद में इस क्षेत्र के अनेक राष्ट्र भक्तों ने देश के पुनर्विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह क्षेत्र खनिज संपदा और पानी से संपन्न है और बिहार, उड़ीसा, झारखंड तथा पश्चिम बंगाल जैसे पूर्वी राज्यों ने पूरे देश की जरूरतों के लिए लगभग सभी खनिज संसाधन उपलब्ध कराए हैं।

## अनावरण



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को नई दिल्ली में राजघाट के पास गांधी दर्शन में महात्मा गांधी की 10 फीट ऊंची प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर वहां मौजूद जनता के साथ बैठकर अल्पाहार ग्रहण किया।

# शिक्षित होने के साथ ज्ञानवान होना महत्वपूर्ण : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गोरखपुर/वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शिक्षा प्राप्त करना केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं है और पुस्तकीय ज्ञान से सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त की जा सकती है पर जीवन में विजेता बनने के लिए शिक्षित होने के साथ ज्ञानवान होना महत्वपूर्ण है। योगी रविवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ज्ञान, शिक्षण संस्थानों में संवाद के वातावरण और अनुभव से अर्जित होता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण व मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत करते हुए कहा कि सफलता हासिल करने के लिए परिश्रम और पुरुषार्थ का कोई विकल्प नहीं होता है। उद्देश्य के अनुरूप प्रतिबद्ध होकर समय सीमा में कार्य करते हुए आगे बढ़ने पर लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता।

# अमेरिकी वीटो से उत्साहित इजरायल ने हमले तेज किये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



गाजा/वार्ता। गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष पर विराम लगाने के संयुक्त राष्ट्र की असाधारण कोशिश पर अमेरिकी वीटो से उत्साहित इजरायल ने गाजा पर हमले तेज कर दिये हैं।

जहां अमेरिकी वीटो की कुछ मुस्लिम देशों ने निंदा की है और निराशा व्यक्त की है वहीं इससे उत्साहित इजरायल ने गाजा के कई इलाकों में बमबारी की, जिसमें पिछले 24 घंटों में लगभग 150 लोग मारे गए।

सहायता कर्मियों के अनुसार गाजा में हालात विनाश की स्थिति में पहुंच गयी है। गाजा की मानवीय प्रणाली पतन के कगार पर है। वहां बीमारी और भुखमरी का खतरा है।

संयुक्त राष्ट्र में गाजा-और इजरायल में संघर्ष विराम पर अमेरिकी वीटो का फिलिस्तीनी प्राधिकरण और हमास ने तीव्र निंदा की। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने गाजा में मरने वालों की नवीनतम संख्या 17,000 बताया है, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने अमेरिका द्वारा संघर्ष विराम प्रस्ताव पर वीटो लगाए जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की निंदा की और वैश्विक निकाय को 'इजरायली सुरक्षा परिषद' करार दिया।

हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी शहर खान यूनिस पर इजरायली हमले में छह लोग मारे गए, जबकि रफाह में एक अन्य हमले में पांच अन्य लोग मारे गए। हमास के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि 24 घंटे में 71 मृतक दीर अल-बलाह के अल-अक्सा शहीद अस्पताल में पहुंचे जबकि खान यूनिस के नासिर अस्पताल में 62 शव पहुंचे। उन्होंने कहा कि लगातार बम विस्फोटों होने के बाद 160 घायलों को अल-अक्सा अस्पताल में भर्ती किया गया।

हमास की सशस्त्र शाखा एजेदीन अल-कसम ने कहा कि उसने शनिवार को दक्षिणी इजरायल में किबुत्ज रीम की ओर रॉकेट दागे। तेल अवीव के अनुसार, इजरायल ने सात अक्टूबर के अपने उपर हमास द्वारा किए गए अभूतपूर्व हमलों के बाद हमास को खत्म करने का संकल्प लिया है, जिसमें 1,200 इजरायली मारे गए और कई बंधक बनाए गए, जिनमें से 138 अभी तक बंदी बने हुए हैं।

गाजा के विशाल क्षेत्र मलबे में तब्दील हो गया है और संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि लगभग 80 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है और वहां भोजन, ईंधन, पानी और दवाओं की भारी कमी की है।



## मोदी ने भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों को आपसी सम्मान, साझा मूल्यों, बढ़ती साझेदारी की यात्रा बताया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और दक्षिण कोरिया के संबंधों की रविवार को सराहना करते हुए इसे आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और बढ़ती साझेदारी की यात्रा बताया। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे हो गए हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हम आज भारत और कोरिया गणराज्य के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। यह आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और बढ़ती साझेदारी की यात्रा रही है।'' दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और उसे विस्तार देने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

## कसारा के निकट मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतरे, यातायात प्रभावित

**मुंबई/भाषा।** मुंबई के बाहरी इलाके में कसारा और टीजीआर-3 रेलवे स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर रविवार शाम को एक मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए। रेलवे अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि डिब्बों के पटरी से उतरने की घटना शाम छह बजकर 31 मिनट पर हुई। उन्होंने बताया कि इस घटना से कसारा से इगतपुरी खंड पर डाउन लाइन और मिडिल लाइन प्रभावित हुयी है लेकिन उपनगरीय सेवाएं सामान्य हैं। अधिकारियों ने बताया कि इगतपुरी और कसारा खंड के बीच अप लाइन पर रेलगाड़ियों की आवाजाही जारी है। उन्होंने बताया कि राहत ट्रेन को मौके के लिए रवाना किया गया है।

## ट्रकों के केबिन में एयरकंडीशनर लगाना अक्टूबर, 2025 से अनिवार्य होगा

**नई दिल्ली/भाषा।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ट्रक चालकों के लिए सफर को सुविधाजनक बनाने के मकसद से अक्टूबर, 2025 से बनने वाले ट्रकों के केबिन में एयरकंडीशनर देना अनिवार्य कर दिया है। मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना जारी करते हुए कहा, एक अक्टूबर, 2025 या उसके बाद बनने वाले एन-2 एवं एन-3 श्रेणी के वाहनों के केबिन में वातानुकूलन प्रणाली (एसी) लगानी होगी। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जुलाई में ही ट्रक चालकों के लिए केबिन में एयरकंडीशनर लगाना अनिवार्य किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने की जानकारी दी थी। गडकरी ने हाल ही में कहा था कि माल ढुलाई में ट्रक चालक बहुत अहम भूमिका निभाते हैं लिहाजा उनके कामकाज के हालात और मनोदशा को ठीक रखने के लिए इस पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने जल्द ही ट्रकों के केबिन में एयरकंडीशनर देना अनिवार्य करने की बात कही थी। गडकरी ने ट्रक चालकों के अत्यधिक गर्मी में काम करने का हवाला देते हुए कहा था कि कुछ पक्ष केबिन में एयरकंडीशनर देने से ट्रक की लागत बढ़ने का तर्क दे रहे थे। लेकिन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय इसे अनिवार्य करने के पक्ष में रहा है।

## कश्मीर में ठंड का प्रकोप जारी, कई स्थानों पर पारा शून्य से नीचे

**श्रीनगर/भाषा।** कश्मीर घाटी में बीती रात पारा शून्य से कई डिग्री नीचे जाने के कारण ठंड का प्रकोप जारी है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में शनिवार रात को पारा शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जबकि एक रात पहले पारा शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था।

उन्होंने बताया कि अमरनाथ यात्रा के आधार शिविरों में शामिल दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जबकि इससे एक रात पहले न्यूनतम तापमान शून्य से 5.0 डिग्री सेल्यियस दर्ज किया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि बारामूला जिले में प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग में पारा शून्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस नीचे, कोकेरनाग में शून्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस नीचे और कुपवाड़ा में शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग कार्यालय ने कहा कि सामान्य रूप से बादल छाए रहेंगे लेकिन मौसम 16 दिसंबर तक मुख्यत: शुष्क रहेगा। उसने रात के तापमान में कुछ डिग्री की गिरावट का अनुमान जताया है।

## साझा सांस्कृतिक विरासत के वाहक हैं भारत व तिब्बती समुदायः बाली

**धर्मशाला/वार्ता।** भारत और तिब्बत एक साझी सांस्कृतिक विरासत के वाहक हैं। यह सांकृतिक विरासत दोनों समुदायों को एक परिवार के रूप में जोड़कर रखती है। यह उद्गार रविवार को मैक्लोडगंज के टिप्पा में इण्डो-तिब्बतन फ्रेंडशिप एसोसिएशन द्वारा मनाये जाने वाले हिमालयन फेस्टिवल के 27वें संस्करण में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आर.एस. बाली ने व्यक्त किए। इस दौरान केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के प्रधानमंत्री पेंपा सेरिंग भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि इण्डो-तिब्बतन फ्रेंडशिप एसोसिएशन तिब्बती अध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को नोबल शांति पुरस्कार मिलने की खुशी में हर वर्ष हिमालयन फेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन करता है।बाली ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि परमपावन दलाई लामा को 1989 में नोबल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था। उन्होंने कहा कि वैसे तो दलाई लामा का व्यक्तित्व किसी भी सम्मान से ऊपर है, फिर भी उनको सम्मान मिलने की जितनी प्रसन्नता तिब्बती समुदाय को है, उतनी ही भारत और यहाँ के लोगों को भी है।

# शीर्ष 10 कंपनियों में 7 का बाजार पूंजीकरण 3.04 लाख करोड़ रु. बढ़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण बीते सप्ताह 3.04 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें एचडीएफसी बैंक और एलआईसी में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,04,477.25 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसके पीछे शेयर बाजार में जारी तेजी की अहम भूमिका रही।

पिछले सप्ताह बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,344.41 अंक यानी 3.47 प्रतिशत बढ़ गया। कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 303.91 अंक यानी 0.44 प्रतिशत बढ़कर अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 69,825.60 अंक पर पहुंच गया। इस सप्ताह बाजार पूंजीकरण में सबसे ज्यादा वृद्धि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज में दर्ज की गई। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 74,076.15 करोड़ रुपये बढ़कर 12,54,664.74 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 65,558.6 करोड़ रुपये बढ़कर 4,89,428.32 करोड़ रुपये हो गया। बृहस्पतिवार को एलआईसी के शेयर 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचते ही बीमा कंपनी ने पांच लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लिया था। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 45,466.21 करोड़ रुपये बढ़कर 7,08,836.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 42,732.72 करोड़ रुपये बढ़कर 13,26,918.39 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 42,454.66 करोड़ रुपये बढ़कर 16,61,787.10 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 37,617.24 करोड़ रुपये बढ़कर 5,47,971.17 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का शेयर 15,916.92 करोड़ रुपये बढ़कर 6,18,663.93 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 9,844.79 करोड़ रुपये घटकर 5,92,414.19 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 8,569.98 करोड़ रुपये घटकर 5,61,896.90 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी का पूंजीकरण भी 935.48 करोड़ रुपये घटकर 5,60,223.61 करोड़ रुपये रह गया। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी के स्थान पर कायम है।

### एफपीआई ने दिसंबर के छह सत्रों में ही इक्विटी बाजार में 26,505 करोड़ रुपये लगाए

**नई दिल्ली/भाषा।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने के पहले छह कारोबारी सत्रों में भारतीय इक्विटी बाजारों में 26,505 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसे तीन राज्यों में भाजपा की चुनावी जीत और मजबूत आर्थिक आंकड़ों का असर माना जा रहा है।

इसके पहले अक्टूबर में एफपीआई ने 9,000 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त और सितंबर में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 39,300 करोड़ रुपये की निकासी की थी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आगे भी एफपीआई का निवेश प्रवाह जारी रहने की संभावना है।

आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने दिसंबर महीने में आठ तारीख तक भारतीय इक्विटी में 26,505 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। फिडेलफोलियो इन्वेस्टमेंट्स के संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों के नतीजों ने एफपीआई प्रवाह को तेजी देने में अहम भूमिका निभाई क्योंकि इससे आगे चलकर राजनीतिक स्थिरता का संकेत मिलता है। विजयकुमार ने कहा, 2024 के आम चुनावों के बाद राजनीतिक स्थिरता रहने के संकेत, भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत वृद्धि की रफ्तार, मुद्रास्फीति में गिरावट, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार कमी और ब्रेंट क्रूड की कीमतों में नरमी ने हालात को भारत के पक्ष में बदल दिया है।

## भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए युवाओं से सुझाव मांगेगी सरकारः नीति आयोग सीईओ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रमण्यम ने रविवार को कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सरकार युवाओं से सुझाव मांगेगी।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। सुब्रमण्यम ने कहा कि विकसित भारत के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं के विचार जानने के लिए सोमवार को 700 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की देशभर के राजभवनों में आयोजित कार्यशालाओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक लगभग 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक दृष्टि-पत्र तैयार किया जा रहा है और इसे अगले साल जनवरी के अंत तक प्रधानमंत्री द्वारा जारी कर दिया जाएगा। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि नवोन्वेषी विचारों की आवश्यकता है क्योंकि परंपरागत तरीके से मदद नहीं मिलेगी।

सुब्रमण्यम ने कहा कि युवाओं और बाकी सभी लोगों के लिए एक वेब पेज एक महीने तक सक्रिय रखा जाएगा। इस पेज पर लोग भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के लिए जरूरी कदमों एवं अपनी अपेक्षाओं के बारे में राय भेज सकेंगे।

## टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहनों की कीमत जनवरी से तीन प्रतिशत तक बढ़ेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहनों की कीमत एक जनवरी से तीन प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें बढ़ाने का फैसला उत्पादन लागत बढ़ने से पड़ रहे असर को कम करने के लिए लिया गया है।

टाटा मोटर्स ने कहा कि यह मूल्य-वृद्धि सभी वाणिज्यिक वाहनों पर लागू होगी। इसके पहले मारुति सुजुकी, हुंदै मोटर इंडिया, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, होंडा और ऑडी जैसी यात्री वाहन विनिर्माता कंपनियों ने भी जनवरी से अपने वाहनों की कीमतें बढ़ाने की योजनाओं की घोषणा की है।

## किसी कंपनी के लिए ईवी नीति को हल्का न करे सरकारः फिक्की ईवी समिति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उद्योग मंडल फिक्की की इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर गठित समिति की प्रमुख सुलज्ञा फिरोदिया मोटवानी ने कहा है कि सरकार को 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रावधानों को किसी के लिए हल्का नहीं करना चाहिए और एक सुसंगत नीति का पालन करना चाहिए।

मोटवानी का यह बयान अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला के भारत में अपना कारखाना स्थापित करने के लिए की जा रही विशेष रियायतों की मांग के बीच आया है।

बैटरी चालित तिपहिया वाहन, स्कूटर एवं ई-साइकिल की बिक्री करने वाली कंपनी काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोटवानी ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में ईवी खंड के विकास के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी के विकास पर भी जोर दिया।

मोटवानी ने कहा, 'मेरा मानना है कि सरकार ने 'मेक इन इंडिया' के लिए जो नीतियां लागू की हैं, उनमें कोई बदलाव नहीं होना चाहिए क्योंकि अब लोगों ने ईवी के स्थानीय विनिर्माण में निवेश करना शुरू कर दिया है। अगर इसका सही तरह से पालन नहीं किया गया तो विनिर्माता चीन समेत अन्य देशों का रुख कर सकते हैं।'

यह पूछे जाने पर कि क्या टेस्ला को भारतीय बाजार में प्रवेश करने के लिए सरकार से नीतिगत समर्थन मिलना चाहिए, मोटवानी ने कहा, मुझे इस प्रस्ताव का ब्योरा नहीं मालूम है लेकिन मुझे लगता है कि यह बड़े निवेश का मामला है। फिर भी मुझे निजी तौर पर लगता है कि नीति को लेकर भ्रम नहीं होना चाहिए और यह सुसंगत होनी चाहिए।

मोटवानी ने कहा, ऐसा नहीं होना चाहिए कि एक दिन आप कहें कि मेक इन इंडिया महत्वपूर्ण है.. और फिर आप कहें कि अब शुल्क कम हो गए हैं। नीति दीर्घकालिक और सुसंगत होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत को निश्चित रूप से मेक इन इंडिया पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि इससे दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा पैदा होगी। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं होने पर हम एक ऐसा देश बन जाएंगे जहां ईवी उपयोगकर्ता तो हैं लेकिन उनके उत्पादन के लिए सामग्री दूसरे देशों से आ रही है।

उन्होंने अगले कुछ वर्षों तक इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग को बनाए रखने के लिए ईवी खरीद के लिए दिया जा रहा प्रोत्साहन जारी रखने की जरूरत है।

मोटवानी ने कहा कि उद्योग निकाय इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहनों के प्रोत्साहन के लिए संचालित 'फेम इंडिया' योजना के तीसरे संस्करण के तहत प्रोत्साहन पाने के लिए 20 लाख रुपये तक की कीमत वाली इलेक्ट्रिक कारों को शामिल करने पर भी जोर दे रहा है।

## धीरज साहू के मामले में चुप क्यों हैं राहुल गांधीः किशन रेड्डी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा कि वह अपनी पार्टी के सांसद धीरज प्रसाद साहू से कथित तौर पर जुड़े परिसरों में आयकर विभाग की हालिया छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये जब्त होने पर चुप क्यों हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष रेड्डी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संदेह जताया कि छापेमारी के दौरान जब्त किया गया धन आगामी लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल के लिए रखा गया होगा। केंद्रीय मंत्री ने झारखंड से सांसद साहू को काले धन का हीरो बताया और कहा कि वह (राहुल) गांधी के करीबी हैं और उन्होंने पिछले साल कांग्रेस नेता की भारत जोड़ो यात्रा की सभी जरूरतें पूरी की थीं। रेड्डी ने कहा, कांग्रेस के नेताओं ने किस तरह देश को लूटा है, यह उसकी एक मिसाल है। हम मांग करते हैं कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी जनता को स्पष्टीकरण दें कि पार्टी ने उन्हें तीन बार राज्यसभा सदस्य क्यों बनाया। गौरतलब है कि ओडिशा स्थित बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को कहा कि जब्त की गई राशि 290 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसके साथ ही यह किसी भी एजेंसी की छापेमारी में जब्त किया गया अब तक का सबसे अधिक काला धन बन जाएगा।

## मध्य प्रदेशः विधायक दल का नेता चुनने के लिए भाजपा विधायकों की आज बैठक होगी

**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायक सोमवार को विधायक दल का नेता चुनने के लिए बैठक करेंगे। भाजपा ने 17 नवंबर को हुए चुनाव में 230 सदस्यीय विधानसभा में 163 सीट जीतकर मध्य प्रदेश में सत्ता बरकरार रखी, जबकि कांग्रेस 66 सीट के साथ दूसरे स्थान पर रही।

भाजपा ने चुनाव में मुख्यमंत्री पद के चेहरे के तौर पर किसी को पेश नहीं किया था और एक तरह से पूरा प्रचार अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर टिका था। एक विधायक ने कहा कि बैठक सोमवार शाम चार बजे शुरू होने की उम्मीद है और शाम सात बजे तक मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा हो सकती है।

पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों के पूर्वाह्न 11 बजे यहां पहुंचने की उम्मीद है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के प्रमुख के. लक्ष्मण और सचिव आशा लाकड़ा शामिल हैं।

## मोदी की गारंटी को शत प्रतिशत पूरा करने का करेंगे प्रयास : साय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/वार्ता।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के पद की जल्द शपथ लेने वाले आदिवासी नेता विष्णुदेव साय ने कहा हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई गारंटी को शत प्रतिशत पूरा करने का वह प्रयास करेंगे। साय ने भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद पहली बार पत्रकारों से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा,राज्य के प्रभारी ओम माथुर,सह प्रभारी केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया एवं नितिन नबीन के प्रति एक छोटे से कार्यकर्ता पर विश्वास जताने के लिए आभार जताया।

उन्होने कहा कि पूरी इमानदारी से सभी को विश्वास में लेकर वह काम करेंगे।उन्होने कहा कि सरकार गठन के बाद पहला काम गरीबों को 18 लाख आवास की मंजूरी देना होंगा। तीन बार सांसद रहे साय 2014 में मोदी सरकार में राज्य मंत्री रहे है।वह 1990 से अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए तपकरा सीट से पहली बार विधायक चुने गए थे। साय का जन्म 21 फरवरी 1964 में जशपुर जिले के बगिया गांव में एक किसान परिवार में हुआ था।उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी स्थित लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है। साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी।साय को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह की भी पसन्द बताए जाते है। पार्टी ने उन्हें 2006 और 2020 में दो बार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा था।वर्तमान में साय भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

## उम्मीद है कि न्यायालय जम्मू-कश्मीर के लोगों के पक्ष में फैसला सुनाएगाः गुलाम नबी आजाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने रविवार को उम्मीद जताई कि उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को 2019 में निरस्त किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर यहां के लोगों के पक्ष में फैसला सुनाएगा। उच्चतम न्यायालय पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना निर्णय सुनाएगा।

आजाद ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैंने पहले भी यह कहा है... केवल दो (संस्थाएं) हैं जो जम्मू-कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद 370 और 35ए वापस कर सकती हैं और वे संस्थाएं संसद एवं उच्चतम न्यायालय हैं। उच्चतम न्यायालय की पीठ निष्पक्ष है और हमें उम्मीद है कि वह जम्मू-कश्मीर के लोगों के पक्ष में फैसला देगी।'' कांग्रेस से अलग होने के बाद डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) की स्थापना करने वाले आजाद ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि संसद पांच अगस्त, 2019 को लिए गए निर्णयों को पलटेगी क्योंकि इसके लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, ''अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए को वापस लाने के लिए (लोकसभा में) 350 सीट की आवश्यकता होगी। जम्मू-कश्मीर में किसी भी क्षेत्रीय दल को 3, 4 या अधिकतम पांच सीट मिल सकती हैं। ये पर्याप्त नहीं होंगी। मुझे नहीं लगता कि विपक्ष इतनी संख्या जुटा पाएगा। (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी के पास बहुमत था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। इसलिए, यह केवल उच्चतम न्यायालय ही कर सकता है।'' आजाद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हर धर्म और जाति के लोगों का संविधान के उन विशेष प्रावधानों से भावनात्मक जुड़ाव रहा हैं जिन्हें चार साल पहले निरस्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर के लोग अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए से राजनीतिक रूप से नहीं बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इन (प्रावधानों) को बहाल किया जाए।''



## रेवंत रेड्डी ने केसीआर से अस्पताल में भेंट की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/वार्ता।** तेलंगाना के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रविवार को यशोदा अस्पताल में राज्य पहले मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति(बीआरएस) अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस अवसर पर सांसद जोगिनापल्ली संतोष कुमार, मंत्री सीताक्का, शब्बीर, विधायक कोठा प्रभाकर रेड्डी, डॉ. एमवी राव और अन्य लोग उपस्थित थे। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर और पूर्व मंत्री हरीश राव ने भी केसीआर के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली।



# नारायण गुरु की अध्ययन पीठ के कार्यान्वयन पर ध्यान देगी सरकार : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रविवार को बेंगलूरु पैलेस ग्राउन्ड में आर्य एडिगा बिलवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार आदि उपस्थित थे। सिद्दरामैया ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले रुपये का अनुदान प्रदान किया है। इनमें से अध्ययन पीठ नहीं बनाई गई। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने आश्वासन दिया कि सरकार इसके कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करेगी।

उन्होंने पिछड़ी जातियों के संगठन, शिक्षा, संघर्ष और वर्तमान समाज में क्या जरूरत है, इसका जिक्र किया। कई महत्वपूर्ण मांगें सौंपी गई हैं। चूंकि विधानमंडल सत्र चल रहा है, इसलिए कोई गारंटी नहीं दी जा सकती। उन्होंने वादा किया कि सत्र के तुरंत बाद मांगें आने पर सरकार आवश्यक कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने 1995 में वित्त मंत्री रहते हुए आयोजित सम्मेलन को याद करते हुए कहा कि इसे सार्थक ढंग से मनाया गया था। उन्होंने याद दिलाया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने भी भाग लिया था। उन्होंने याद दिलाया कि तब भी मांगें पूरी की गयी थीं। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु की जयंती पर सरकार के आग्रह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार को उनकी जयंती मनानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नारायण गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है, उनके विचार आज भी सदैव प्रासंगिक हैं। उन्होंने केरल में सात्विक आक्रोश के बावजूद अपमान सहा और लोगों को संगठित किया, जागरूकता पैदा करने और परिवर्तन लाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

उन्होंने आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित समाज के उत्थान के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा कि सभी मनुष्य एक हैं, जाति एक है, वोट एक है, भगवान एक है। हम वो लोग हैं जो स्वार्थ के लिए जाति व्यवस्था रखते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु नारायण ने कहा था कि जाति नहीं बतानी चाहिए, जाति नहीं पूछनी चाहिए और जाति नहीं देखनी चाहिए।

एक समय था जब शूद्रों को मंदिर के अंदर भगवान के दर्शन करने की अनुमति नहीं थी। भगवान की नजर में सभी समान हैं। भगवान किसी का नहीं होता इसलिए उन्होंने आपको स्वयं मंदिर बनाने के लिए बुलाया। केरल के तट पर अनेक मन्दिरों का निर्माण हुआ। एडिगास और बिलावास इस मंदिर के पुजारी बने। जैसा कि कुवेम्पु कहते हैं, जो मनुष्य जन्म के समय सार्वभौमिक होते हैं वे बाद में लघु हो जाते हैं।

इस मौके पर आर्य एडिगा संघ के अध्यक्ष डॉ. एम. थिम्मेगौड़ा, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री शिवराज थंगदागी, प्रसिद्ध अभिनेता शिवराज कुमार, विधायक, पूर्व मंत्री और विधायक आदि उपस्थित थे।

## कार के गड्ढे में गिरने से कॉलेज के चार छात्रों की मौत

चिक्कबल्लापुर/दक्षिण भारत। चिक्कबल्लापुर के बाहरी इलाके में राजमार्ग पर अंडरपास के पास एक कार के कथित तौर पर पलट जाने और गड्ढे में गिर जाने से कॉलेज के चार छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना शनिवार रात को हुई जब चारों छात्रों में से दो अपने साथियों को छोड़ने के लिए बेंगलूरु से चिक्कबल्लापुर जा रहे थे।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कार एक छात्र चला रहा था। दुर्घटना तब हुई जब चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे वाहन पलट गया और गड्ढे में गिर गया।

उन्होंने बताया कि से तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेता संपर्क में : कुमारस्वामी

## कर्नाटक में गिर सकती है कांग्रेस की सरकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हासन। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (एस) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने रविवार को संकेत दिया कि लोकसभा चुनाव के बाद कर्नाटक में कांग्रेस सरकार गिर सकती है तथा कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता पहले ही इस संबंध में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत कर चुके हैं।

कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि एक शीर्ष कांग्रेसी नेता केंद्र के नेताओं से मिलकर लोकसभा चुनाव के बाद उनमें शामिल होने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने छह महीने की राहत मांगी है जिससे वह 50 से 60 विधायकों को अपने साथ ला सकें। उन्होंने हालांकि नेता के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि कुछ भी हो सकता है जैसा कि महाराष्ट्र में हुआ।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में जो हुआ वह कर्नाटक में भी हो सकता है। कोई भी पार्टी के प्रति ईमानदार या प्रतिबद्ध नहीं है। सब अपना व्यक्तिगत लाभ देखते हैं। राजनीति में हमेशा ऐसा होता रहा है।

कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच टकराव की ओर इशारा करते हुए कहा कि वैसे तो कांग्रेस 135 सीटें होने का दावा कर सकती है, लेकिन लोग कर्नाटक कांग्रेस की स्थिति को जानते हैं। सिद्दरामैया पर हमला जारी रखते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री जाति सर्वेक्षण की आड़ में जाति के आधार पर समाज में दरार उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं।

मुस्लिम समुदाय के विकास के लिए बजट आवंटन बढ़ाकर 10 हजार करोड़ रुपये करने के सिद्दरामैया के इरादे पर जेडीएस नेता ने कहा कि वह अल्पसंख्यकों को धन दिए जाने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्होंने पूछा कि क्या यह हिंदुओं को भी नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि उनमें से अधिकांश दलित और गरीब हैं।



## आर्ट ऑफ लिविंग में अनाज मेले पर कार्यशाला

# किसानों को अनाज की खेती को प्रोत्साहित करना चाहिए : रविशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आर्ट ऑफ लिविंग के रविशंकर गुरुजी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए जैविक खेती पर जोर देना और अनाज के उपयोग को बढ़ावा देना जरूरी है। कनकपुरा रोड स्थित आर्ट ऑफ लिविंग में तीन दिवसीय विश्व अनाज मेले के दूसरे दिन अनाज की जैविक और प्राकृतिक खेती पर आयोजित सेमिनार का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित सीओपी 28 ग्लोबल में भी अनाज के महत्व पर चर्चा की गई थी। 'जलवायु परिवर्तन पर सम्मेलन' यदि पृथ्वी पर तापमान डेढ़ डिग्री बढ़ जाए तो ग्रह नष्ट हो जाएगा।

उन्होंने कहा, 'इसलिए जलवायु संरक्षण हमारा लक्ष्य होना चाहिए जैसा कि पूरी दुनिया सहमत है।' जलवायु परिस्थितियों में सुधार के लिए हम सभी को पौधे उगाने और देशी बीजों को बचाने की जरूरत है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ किसानों से बीज लेकर जला रही हैं। यह बीज नस्ल को नष्ट कर देता है और हमें सामाजिक और आर्थिक रूप से गुलाम बना देता है। इसलिए अनाज को बढ़ावा देने में किसानों की भूमिका बढ़ गई है। फास्ट फूड से बाहर निकलें और कर्नाटक का सर्वोत्तम आहार अपनाएं। रागी ताकत देता है, बाजरा चिप्स, बाजरा नूडल्स, कुछ स्वादिष्ट और पौष्टिक अनाज से ही प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को दुरुस्त करने के लिए ऋषि खेती पद्धति की ओर जाना होगा। कार्यक्रम में तीन जैविक खेती करने वालों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जीकेवीके के जैविक कृषि अनुसंधान विभाग के प्रमुख डॉ. एस.वी. सुरेश, श्री नजीरन के प्रबंध निदेशक रंगनाथ प्रसाद, अभिनेता दर्शन, निर्माता रॉक लाइन वेंकटेश और अन्य उपस्थित थे।

## वर्ष 2022 में महिलाओं के खिलाफ तेजाब हमलों में बेंगलूरु शीर्ष पर

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में देश में महिलाओं के खिलाफ तेजाब हमले के सबसे ज्यादा मामले बेंगलूरु में दर्ज किए गए। बेंगलूरु पुलिस ने तेजाब हमले के छह मामले दर्ज किए। आंकड़ों के मुताबिक एनसीआरबी के आंकड़े में सूचीबद्ध 19 महानगरीय शहरों में से बेंगलूरु सूची में शीर्ष पर है, जहां पिछले साल आठ महिलाएं तेजाब हमले का शिकार हुईं। दूसरे स्थान पर दिल्ली है जहां 2022 में सात महिलाएं तेजाब हमलों का शिकार हुईं। इसके बाद अहमदाबाद तीसरे स्थान पर रहा जहां ऐसे पांच मामले दर्ज किए गए।

एनसीआरबी के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि राष्ट्रीय राजधानी (दिल्ली) में तेजाब हमले के प्रयास के सात मामले दर्ज किए गए, इसके बाद बेंगलूरु में पिछले साल ऐसे तीन मामले दर्ज किए गए। हैदराबाद और अहमदाबाद जैसे महानगरीय शहरों ने 2022 में हमले के प्रयास के दो मामले दर्ज किए।

पिछले साल बेंगलूरु को झकझोर देने वाले तेजाब हमले के प्रमुख मामलों में से 24 वर्षीय एम.कॉम छात्रा पर तेजाब हमले का मामला था। छात्रा पर 28 अप्रैल को उस समय हमला किया गया था जब वह काम पर जा रही थी।

# युवा राष्ट्र के विकास के लिए कड़ी मेहनत करें : राज्यपाल गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक राज्यपाल थावर चंद गहलोत एलायंस यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है। भारतीय शिक्षा प्रणाली प्राचीन काल से ही वसुधैव कुडुम्बकम के दर्शन पर केन्द्रित रही है। अत: यह हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि हम एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करें जो आधुनिक ज्ञान को उन मूल्यों के साथ एकीकृत करे जो न केवल विश्व को एक नई दिशा दे बल्कि संपूर्ण मानव जाति का कल्याण भी करे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि अच्छी शिक्षा मन, शरीर और आत्मा के विकास में योगदान देती है। आप एक कुशल वैज्ञानिक, प्रबंधक या लेखक हो सकते हैं लेकिन आपकी शिक्षा तभी उपयोगी और प्रासंगिक होगी जब इसका उपयोग मानवता के कल्याण के लिए किया जाएगा।

यह जानकर भी खुशी हो रही है कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह शिक्षा की गुणवत्ता और प्रासंगिकता को दर्शाता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुदृढ़ नैतिक मूल्यों से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। हमारा देश विकास के पथ पर है और हमारे माननीय प्रधान मंत्री ने कहा है कि वह शिक्षा को कौशल और नैतिक मूल्यों से जोड़कर एक नए भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।मुझे विश्वास है कि एलायंस यूनिवर्सिटी ज्ञान, कौशल और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करके राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनेगी।

शिक्षण संस्थान लगातार सीखने और सिखाने के माध्यम से देश और दुनिया के समग्र विकास में योगदान दे रहे हैं। अगर अच्छी शिक्षा का मौका मिले तो हर व्यक्ति अपने सपनों को हासिल कर सकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करता है। विश्वविद्यालय का मिशन एक ऐसा वातावरण बनाना है जो उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की पीढ़ियों के लिए बौद्धिक बातचीत और ज्ञान के संचय को बढ़ावा दे। सम्मानित अतिथि के रूप में 'द मिसाइल वुमन ऑफ इंडिया' पुरस्कार से सम्मानित डॉ. टेसी थॉमस ने एयरोनॉटिकल साइंस में अंतर्दृष्टि साझा की।

एलायंस विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह में प्रतिभावान छात्रों को स्वर्ण पदक विजेता के तौर पर सम्मानित किया गया। विभिन्न पाठ्यक्रमों में स्नातकों को कुल 14 स्वर्ण पदक, 15 रजत पदक और 13 कांस्य पदक प्रदान किए गए। विशेष रूप से, ये पदक बीए, एलएलबी (ऑनर्स), बीबीए एलएलबी (ऑनर्स), एलएलएम, बी.टेक, एम. टेक, जीएलए में पीजी डिप्लोमा, एमबीए और ईपीजीडीएम सहित विभिन्न विषयों में फैले हुए हैं।

# केंद्र सरकार केवल कांग्रेस को निशाना क्यों बनाती है? : सिद्दरामैया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से कथित तौर पर जुड़े परिसरों में 200 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त किए जाने के बाद रविवार को केंद्र पर आरोप लगाया कि वह केवल कांग्रेस को निशाना बना रही है। वह झारखंड और ओडिशा में साहू से संबद्ध कंपनियों पर हाल में हुई आयकर विभाग की छापेमारी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। सिद्दरामैया ने पत्रकारों से कहा, वह (भाजपा नीत केंद्र सरकार) केवल कांग्रेस को निशाना बना रही है। उन्हें भाजपा नेताओं के खिलाफ भी छापे मारने चाहिए। तभी पता चलेगा कि उनके पास कितनी (काली कमाई) है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसने भी काला धन जमा किया है, वह आयकर अधिनियम के मुताबिक गलत है। आयकर विभाग को कानून के मुताबिक कार्रवाई करनी चाहिए।सिद्दरामैया ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां चुनिंदा रूप से कांग्रेस को निशाना बना रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, वे केवल कांग्रेस नेताओं पर क्यों कार्रवाई करते हैं, भाजपा पर क्यों नहीं? अगर भाजपा के लोगों के परिसरों में छापा मारा जाए तो भारी मात्रा में नकदी मिलेगी। ओडिशा स्थित बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और उससे संबद्ध कंपनियों के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है।



## 'नम्मा यात्रे'

रविवार को बेंगलूरु में कन्नड़ एवं संस्कृति विभाग द्वारा 'नम्मा यात्रे' कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने किया। विधानसौधा की पवित्र सीढ़ियों पर एक विशाल यात्रे का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह शोभयात्रा रविन्द्र कलाक्षेत्र तक गई। वहां पर एक भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कन्नड़ एवं संस्कृति विभाग मंत्री शिवराज तंगाड़ी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।











# 'लूट व झूठ की दुकान' ही कांग्रेस का असली सच : जोशी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी में 200 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद होने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि 'लूट व झूठ की दुकान' ही कांग्रेस का असली चेहरा है। वहीं, भाजपा के एक प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी विधायकों की आगामी बैठक से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को नवनिर्वाचित विधायकों से डिजिटल माध्यम से बातचीत की। नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक सोमवार को होने की संभावना है।

जोशी ने शनिवार को यहां मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया, देश की जनता कहने लगी है, 'कांग्रेस मतलब करप्शन की दुकान, यह इसलिए कहा जाता है क्योंकि इनको मोहब्बत पैसों से है, इनको मोहब्बत सिर्फ लूट से है। इसलिए इस मोहब्बत की दुकान में नोटों का कितना बड़ा ढेर मिला है... यह पूरे देश की जनता ने देखा है...लूट एवं झूठ की दुकान ही कांग्रेस का असली सच है।' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले साल अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर देश में नफरत फैलाने का आरोप लगाया था और कहा था कि वह नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैं। जोशी ने आरोप लगाया, 'लूट ही कांग्रेस का असली सामान है और लोग कहने लगे हैं कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

कांग्रेस का काम है लूट, झूठ और फूट डालना तथा यही असली चेहरा कांग्रेस के पतन का कारण बनता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यही हाल राजस्थान की जनता ने भी पांच साल में देखा है जहां सरकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक हुए तो जल जीवन मिशन और पोषाहार मिशन में लूट मची रही। जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार कार्रवाई करेगी और कांग्रेस द्वारा लूटा गया पैसा जनता को लौटाएगी।

पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक की तारीख संबंधी सवाल पर जोशी ने कहा कि पार्टी ने पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं और जल्द ही बैठक की तारीख भी घोषित की जाएगी। भाजपा विधायक दल की बैठक सोमवार को होने की संभावना है। इससे पहले शनिवार रात पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की राज्य के नवनिर्वाचित विधायकों से डिजिटल माध्यम से बातचीत हुई। इसे बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

पार्टी एक प्रवक्ता के अनुसार, शनिवार रात नड्डा ने भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों से बात की। उन्होंने बताया कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विधायकों से बातचीत की गई। पार्टी के प्रवक्ता ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी भी जुड़े।

राज्य की 200 में से 199 सीटों पर हुए चुनाव के परिणाम रविवार को आए थे। भाजपा को 115 सीटों के साथ बहुमत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री को लेकर संशय बरकरार है। मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदारों में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल और दीया कुमारी के नामों की अटकलें चल रही हैं। भाजपा ने राजस्थान में विधायक दल का नेता चुनने के लिए निर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है।

## दुकान खाली कराने के लिये दुकानदार को डाक से धमकी भरा पत्र मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले सदर थाना क्षेत्र में एक दुकानदार को दुकान खाली कराने के लिये धमकी भरा पत्र डाक से मिला है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

थाना प्रभारी दिनेश मीणा ने बताया कि तिजारा रोड पर चिकानी गांव में एक दुकानदार को 13 नवंबर को डाक से एक पत्र मिला है। पत्र में 31 दिसंबर तक दुकान खाली करवाने के लिये कहा गया है। पत्र में तीन दुकानदारों के नाम का जिक्र है और 31 दिसंबर तक दुकान खाली नहीं करने पर उसे बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पत्र भेजने वाले ने अपना नाम पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) लिखा है।

उन्होंने बताया कि पीड़ित सोहन लाल जाटव (74) की ओर से इस संबंध में बृहस्पतिवार को मामला दर्ज करवाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पत्र हाथ से लिखा हुआ है और पत्र में पीड़ित के साथ दो अन्य दुकानदारों के नाम का भी जिक्र है जिन्हें दुकान खाली करने की धमकी दी गई है। मीणा ने बताया कि पीड़ित पूर्व में सिलाई का काम करता था। उन्होंने बताया कि पत्र में तीनों दुकानदारों से 31 दिसंबर तक उचित कीमत लेकर दुकान खाली करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि दर्ज शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 385 (रंगदारी के लिये किसी व्यक्ति को डराना) के तहत मामला दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।

## नवनिर्वाचित विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से उनके निवास पर मुलाकात की

जयपुर। राजस्थान में भाजपा विधायक दल की बैठक से पहले,पार्टी के कुछ नवनिर्वाचित विधायकों ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से यहां सिविल लाइंस में उनके आवास पर मुलाकात की। विधायक दल की बैठक की तारीख की अभी तक घोषणा नहीं हुई है। इससे पहले सोमवार और मंगलवार को पार्टी के कई विधायकों ने राजे से मुलाकात की थी जिसे शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा गया था। वह हाल ही में दिल्ली गई थीं और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से मिली थीं। उनके दिल्ली से लौटने के बाद भी विधायकों का उनसे मिलने का दौर जारी है।

सूत्रों के अनुसार रविवार सुबह से ही अजय सिंह, बाबू सिंह समेत करीब 10 विधायक राजे के आवास पर पहुंचे। राजे मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। विधायक दल की बैठक के बाद पार्टी का संसदीय बोर्ड मुख्यमंत्री के नाम को अंतिम रूप देगा।

## सम्मान



जयपुर में रविवार को पंजाबी समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित दीपावली मिलन व स्मारिका विमोचन समारोह कार्यक्रम में भाजपा विधायक दिया कुमारी की समाज के लोगों द्वारा सम्मान किया गया।

## गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर सहित तीन लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटरों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राजस्थान पुलिस ने दिल्ली पुलिस की मदद से इस मामले में शूटर रोहित राठौड़ और नितिन फौजी के साथ उनका सहयोगी उधम सिंह को चंडीगढ़ से शनिवार देर रात पकड़ा हैं। रोहित मकराना क्षेत्र एवं नितिन हरियाणा के महेन्द्रगढ़ एवं उधम सिंह हिसार का रहने वाले हैं।



दिल्ली पुलिस के अनुसार ये दोनों शूटर राजस्थान से बस के द्वारा धारुहेड़ा पहुंचे और वहां से टैक्सी करके रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर हिसार पहुंच थे। इसके बाद वहां उन्हें उनका एक सहयोगी मिल गया और टैक्सी के द्वारा हिमाचल के लिए निकल गए और बाद में चंडीगढ़ में आकर एक जगह रुके जहां उनकी लोकेशन मिलने पर उन्हें वहां तीनों को पकड़ लिया गया। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ के अनुसार गत पांच दिसंबर को श्री गोगामेड़ी की हत्या के बाद ये दोनों शूटरों के जयपुर से फरार होने के बाद पुलिस को कुछ तकनीकी इनपुट मिले और उसकी मिदद से उनका सुराग ढूंढते हुए पुलिस ने उनका पीछा किया लेकिन सात दिसंबर तक पुलिस टीम दोनों आरोपियों से छह या आठ घंटे पीछे थी। लेकिन हरियाणा में महेन्द्रगढ़ पुलिस द्वारा अच्छा इनपुट देने एवं मदद करने से पुलिस दल अगले दिन हिसार में पहुंच गए।

उन्होंने बताया इस दौरान दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम भी राजस्थान पुलिस के साथ जुड़ गई और उनके द्वारा मिले इनपुट के साथ आगे बढ़ते हुए लोकेशन मिल जाने पर दोनों शूटरो और उनका सहयोग करने वाले व्यक्ति को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। श्री जोसेफ ने बताया कि इस मामले में पूछताछ के लिए तीन लोगों को जेल से प्रोटेक्शन वारंट के तहत पूछताछ के लिए जयपुर लाया जा रहा है। इनकी गिरफ्तारी पर राजस्थान पुलिस महानिदेशक ने पुलिस टीम को बधाई दी हैं और उन्होंने कहा कि इस मामले के आरोपियों को पकड़ने में दूसरे राज्यों की पुलिस ने बहुत मदद की हैं और विशेष तौर से दिल्ली पुलिस ने जिसके साथ संयुक्त अभियान चलाकर इन आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

उन्होंने दिल्ली और हरियाणा पुलिस को भी धन्यवाद दिया। गिरफ्तार के बाद दोनों शूटरों एवं उनके सहयोग को जयपुर लाया गया है। इस मामले में गठित एसआईटी के बाद राजस्थान पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को 72 घंटों में पकड़ने का आश्वासन दिया था और शीघ्र पकड़ भी लिया।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में अब तक दोनों शूटरों सहित चार लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। शूटरों की जयपुर में मदद करने वाले आरोपी रामवीर जाट को शनिवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया गया था और उसे रविवार को अदालत के जरिए पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिया गया है।

## मिश्रा ने गोगामेड़ी हत्याकांड के शूटरों को पकड़ने पर पुलिस टीम को दी बधाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने गोगामेडी हत्याकांड के दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर लेने पर पुलिस टीम को बधाई दी हैं। इस मामले के दोनों आरोपियों के चंडीगढ़ से पकड़ लेने पर श्री मिश्रा ने जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ, इस मामले में गठित एसआईटी के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एनएम एवं एसआईटी प्रमुख अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश विश्नोई एवं टीम को बधाई दी हैं। श्री मिश्रा ने इसे इंटर स्टेट पुलिस समन्वय एवं सहयोग का अनुपम उदाहरण बताया है। उन्होंने सहयोग एवं समन्वित प्रयास के लिए दिल्ली पुलिस और सहयोग के लिए हरियाणा पुलिस को भी धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि गत पांच दिसंबर को राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में उनके घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

इस मामले पुलिस ने शूटर रोहित राठौड़ एवं नितिन फौजी को शनिवार देर रात चंडीगढ़ से पकड़ लिया जबकि इससे पहले इनकी मदद करने वाले आरोपी रामवीर जाट को हरियाणा के महेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया गया था।



## विकास कार्यों में अगर राजनीति हुई तो विरोध किया जाएगा : डॉ. सुभाष गर्ग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। शहर एवं सेवर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को भरतपुर पिक्चर पैलेस में डॉ. सुभाष गर्ग का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान निहाल सिंह ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ शर्मा एवं राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष संतोष फौजदार मौजूद थे। समारोह में कांग्रेस कमेटी के अलावा महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कमेटी, पार्षद एवं अन्य जन प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने डॉ. गर्ग का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए कहा कि वे आगामी वर्षों में भी पार्टी के प्रति निष्ठा भाव से कार्य करेंगे।

स्वागत समारोह में डॉ. सुभाष गर्ग ने उनकी जीत को भरतपुर की जनता की जीत बताते हुए कहा कि यह चुनाव मुद्दों के आधार पर 36 कौमों के लोगों ने लडा। इसी वजह से यह विजय प्राप्त हो सकी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की। जिन्हें जनता ने सराहा किन्तु विपक्ष के लोगों ने आमजन को गुमराह किया।

इसी कारण राज्य में पार्टी को निराशा हाथ लगी लेकिन कार्यकर्ताओं को इस निराशा से मुक्त होकर मन व विचार से संकल्पित होकर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी करनी चाहिए। जिससे पार्टी को अधिकाधिक सीटें मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का मत प्रतिशत तो बढा लेकिन मत विभाजन के कारण जीत हांसिल नहीं हो सकी।

डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में भी हमें कडी से कडी जोडनी होगी और पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाना होगा। जिससे विकास की गति थम नहीं सके। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे विधानसभा में क्षेत्रीय समस्याओं को उठाकर निराकरण करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी चेतावनी दी की यदि विकास कार्यों में राजनीति की गई तो वे ईट से ईट बजाकर विरोध प्रदर्शित करेंगे।

## गोगामेड़ी बनना चाहते थे विधायक, उनके सपनों को पूरा करेंगे : उर्वशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिरसा/जयपुर। श्री करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवंगत सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की बड़ी बेटी उर्वशी शेखावत ने कहा कि उनके पिता विधानसभा में जाना चाहते थे। अब वे इस दुनिया में नहीं रहे लेकिन मैं राजनीति में आकर उनके सपने को पूरा करूंगी। सुश्री उर्वशी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि हम दो बहनें हैं। एक मुझसे छोटी यशस्वी है। मैं आठवीं कक्षा में पढ़ती हूं और छोटी बहन पांचवीं कक्षा में है।

उर्वशी शेखावत ने बताया कि उसे अपने पिता की हत्या के बारे में बताया नहीं गया था। इंटरनेट के जरिए उनकी मौत का पता चला। मेरे पिता सुखदेव सिंह गोगामेड़ी मुझे बेटों की तरह प्यार करते थे। मैं भी शुरू से लडक़ों की तरह ही रहती हूं। उसने कहा कि लडक़ों जैसी वेशभूषा रखती हूं। पापा का प्यार अब नहीं मिलेगा लेकिन उन्होंने जो सिखाया है, उसे सदैव याद रखेंगे। बड़ी होकर राजनीति में आऊंगी और पिता के सपने को पूरा करूंगी।

सुश्री उर्वशी कहती है कि उनके पिता धोखे के शिकार हुए हैं। हत्यारों ने धोखे से उनकी हत्या की। उनके अंतिम संस्कार में विभिन्न राज्यों से जो जनसैलाब उमड़ा, उससे हमें पता चला कि हमारे पिता ने धन नहीं जन कमाया था।

हजारों की संख्या में राजपूत समाज सहित अन्य तमाम वर्गों से उनके समर्थकों के जुटने से यह अहसास होता है कि वे हर वर्ग में अपनी प्रतिष्ठा रखते थे और राजपूत समाज की आन–बान–शान के लिए तमाम उम्र संघर्षरत रहे। उनके जाने की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता लेकिन राजपूताना गौरव को जीवंत करने में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

## कोटा में स्कूली छात्रा ने की आत्महत्या

कोटा। राजस्थान के कोटा में बापू कॉलोनी में 15 वर्षीय एक स्कूली छात्रा ने कथित तौर पर अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सरकारी स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा के आत्महत्या करने के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक, निकिता कोली शुक्रवार अपराह्न स्कूल से घर लौटने के बाद अपने कमरे में चली गई और उसने चुन्नी का फंदा बना पंखे से लटक कर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त निकिता के पिता भवानी शंकर काम पर गए थे।





## भगवाधारी बनकर कर रहे थे गांजे की तस्करी, दो गिरफ्तार, 390 किलो गांजा जप्त

**टेंपो में धार्मिक भावनाओं की आड़ लेकर नशे की तस्करी की जा रही थी। मुल्जिमो ने भगवा वस्त्र धारण कर टेंपो के चारों तरफ देवी देवताओं की फोटो के बड़े बैनर तथा अंदर डाले में फूल मालाएँ लटका कर बीच में एक गुप्त बॉक्सनुमा स्कीम बनाई हुई थी।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चूरू। डीएसटी की सूचना पर थाना राजगढ़ पुलिस की टीम ने शनिवार रात एक थ्री व्हीलर टेंपो से 60 लाख रुपए कीमत का 390 किलो गांजा बरामद कर आरोपी रविदास बावरी पुत्र रामकिशन (25) निवासी जिला भटिंडा पंजाब हाल जिला फतेहाबाद हरियाणा एवं रमेश बावरी पुत्र रामजीलाल (35) निवासी लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार किया है। एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि टेंपो में धार्मिक भावनाओं की आड़ लेकर नशे की तस्करी की जा रही थी। मुल्जिमो ने भगवा वस्त्र धारण कर टेंपो के चारों तरफ देवी देवताओं की फोटो के बड़े बैनर तथा अंदर डाले में फूल मालाएँ लटका कर बीच में एक गुप्त बॉक्सनुमा स्कीम बनाई हुई थी।एसपी नूनावत ने बताया कि आईजी सीकर रेंज के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ एवं हथियारों की तस्करी तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

शनिवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी, सीओ इस्लाम खान व एसएचओ सुभाष चन्द्र के सुपरविजन में डीएसटी की सूचना पर एसआई बलवंत सिंह के नेतृत्व में दोनों टीमों द्वारा नेशनल हाईवे 52 पर गोठिया बड़ी पुलिया के पास नाकाबंदी में यह कार्रवाई की है।

टेंपो के डाले में बनाई गई गुप्त स्कीम में रखे 13 कट्टो से 60 लाख कीमत का 3 क्विंटल 90 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने आंध्र प्रदेश से हरियाणा और पंजाब में बिक्री के लिए गांजा तस्करी करना कबूल किया है।

विस्तृत जानकारी के लिए दोनों आरोपियों से अग्रिम पूछताछ की जा रही है। कार्यवाही करने वाली टीम में थाना राजगढ़ से एसआई बलवंत सिंह, कांस्टेबल मुकेश कुमार, सुरेश कुमार व कुलदीप कुमार एवं डीएसटी से कांस्टेबल मोहर पाल, कुलदीप कुमार, रामफल, मुकेश भाकर एवं मुकेश कुमार शामिल थे।

# अधिकारी, जनता की समस्याओं पर गंभीरता से दें ध्यान: योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की और कहा कि जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया

**गोरखपुर/वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए।

इस दौरान इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को योगी ने आत्मीय संबल देते हुए कहा कि डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए इलाज का पैसा सरकार देगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए।

उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

## आम चुनाव से पहले ईएफटीए समझौता होने की उम्मीद: स्विस राजदूत

**कोलकाता/भाषा।** भारत में स्विट्ज़रलैंड के राजदूत राल्फ हेकनर ने उम्मीद जताई है कि भारत के साथ यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) का महत्वपूर्ण समझौता अगले साल आम चुनावों के पहले संपन्न हो जाएगा। हेकनर ने नवाचार और निवेश अवसर खोलने के लिए प्रस्तावित व्यापार समझौते को काफी अहम बताया।

ईएफटीए के सदस्यों में स्विट्ज़रलैंड के अलावा आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे भी शामिल हैं। ईएफटीए के सदस्य यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। इन देशों के साथ भारत का उत्पाद व्यापार वर्ष 2022 में 6.1 अरब डॉलर रहा था। स्विस राजदूत ने पीटीआई-भाषा से कहा, दोनों पक्ष पिछले 12 महीनों से अधिक समय से इस प्रस्तावित समझौते पर बहुत बारीकी और गंभीरता से बातचीत कर रहे हैं। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि यह सौदा आम चुनावों से पहले पूरा हो जाएगा। भारत में अप्रैल-मई में आम चुनाव होने की संभावना है। 'स्विस-इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' के कोलकाता खंड का उद्घाटन करने के लिए आए हेकनर ने कहा, यदि भारत नवाचार चाहता है, तो उसे लगभग 12 से 15 देशों के साथ काम करने की जरूरत है। निवेश और नवाचार की दुनिया के लिए स्विट्ज़रलैंड उन देशों में से एक है। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ अधिक रणनीतिक नवाचारी संबंध स्थापित करेंगे। भारत और ईएफटीए देश परस्पर क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर बातचीत कर रहे हैं। इस समझौते पर बातचीत आधिकारिक तौर पर जनवरी, 2008 में शुरू की गई थी।



## केजरीवाल और मान ने 'भगवंत मान सरकार तुहाडे द्वार' योजना की शुरुआत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लुधियाना/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लोगों को उनके घरों तक नागरिक-केंद्रित सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से 'भगवंत मान सरकार तुहाडे द्वार' योजना की शुरुआत की और इसे भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार बताया।

इस योजना के तहत लोगों को जन्म, विवाह, मृत्यु, आय, निवास, जाति, ग्रामीण क्षेत्र, सीमा क्षेत्र, पिछड़ा वर्ग, पेंशन के प्रमाणपत्र जारी करने, बिजली बिल के भुगतान और भूमि सीमांकन समेत 43 सेवाएं उपलब्ध होंगी।

योजना की शुरुआत के बाद यहां एक सभा को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस कदम को ''क्रांतिकारी'' बताया।

मान सरकार की सराहना करते हुए केजरीवाल ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक के बाद एक कदम उठा रही है और पिछले 75 वर्षों में पंजाब को ''लूटने'' वाले बड़े नेताओं के खिलाफ छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान इसलिए नहीं दिया कि आजादी के बाद भी लोगों को सरकारी कार्यालयों में उत्पीड़न का सामना करना पड़े।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने जीवन का बलिदान इसलिए दिया ताकि लोगों को अच्छी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य, दवाएं, सड़कें और बिजली मिल सके।

केजरीवाल ने कहा, ''पंजाब में जो काम शुरू होने जा रहा है वह किसी क्रांति से कम नहीं है। यह एक क्रांतिकारी कदम है।'' उन्होंने अपना काम करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों की व्यथा के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि लोगों को अपना काम करवाने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है, छुट्टियां लेनी पड़ती हैं, खेत का काम छोड़ना पड़ता है और यहां तक कि दलालों को पैसे भी देने पड़ते हैं।

उन्होंने कहा, ''पंजाब सरकार के इस कदम से अब लोगों को काम के लिए दफ्तरों में जाने की जरूरत नहीं है। आपका काम आपके घर पर ही होगा।''

## बिहार: अमित शाह ने पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद (ईजेडसी) की बैठक की अध्यक्षता की



**पटना/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में यहां पूर्वी क्षेत्रीय परिषद (ईजेडसी) की 26 वीं बैठक यहां चल रही है। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य सदस्य राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

शाम पांच बजे तक चलने वाली इस बैठक में कई छोटे-मोटे अनाजों के लिए न्यूनतम मूल्य, बुनियादी ढांचे का निर्माण, जल बंटवारा आदि जैसे कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड शामिल हैं। बिहार में मुख्यमंत्री की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) द्वारा अगस्त 2022 में भाजपा से नाता तोड़कर महागठबंधन की सरकार बना लिए जाने के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि नीतीश और शाह ने एक साथ मंच साझा किया है । बैठक शुरू होते ही नीतीश कुमार ने शाह को गुलदस्ता, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। गृह मंत्री दोपहर करीब पौने दो बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से वह सीधे बैठक स्थल (मुख्यमंत्री सचिवालय) गये। ईसीजेड बैठक के बाद शाम करीब साढ़े सात बजे दिल्ली लौटने से पहले शाह प्रदेश भाजपा नेताओं के साथ भी बैठक करेंगे।

## असमी लोग 'संदिग्ध विदेशियों' को जमीन न बेचने का संकल्प लें: हिमंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को असमिया लोगों से अपील की कि वे स्वदेशी आबादी की संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए किसी भी संदिग्ध विदेशी को अपनी जमीन न बेचें। शर्मा ने किसी भी समुदाय की प्रगति के लिए वित्तीय विकास के महत्व पर जोर देते हुए लोगों, विशेषकर युवाओं से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का आग्रह किया।

गुवाहाटी के बोरागांव में असम आंदोलन के शहीदों की याद में मनाए गए 'स्वाहिद दिवस' कार्यक्रम में शर्मा ने कहा, ''मेरा मानना है कि अगर हर असमवासी अपनी जमीन किसी संदिग्ध विदेशी को नहीं बेचने की प्रतिज्ञा करें, तो हमारी 'जाति' सुरक्षित रहेगी। कुछ परिवार आर्थिक लाभ के लिए अपनी ज़मीन बेच देते हैं, लेकिन कई परिवारों को पैसे की ज़रूरत भी नहीं होती है और फिर भी वे इसे संदिग्ध विदेशियों को बेच देते हैं।'' उन्होंने कहा, 'आइए हम अपनी जमीन अब किसी भी संदिग्ध विदेशी को नहीं बेचने की प्रतिज्ञा करें।'

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वैष्णव संस्कृति के केंद्र माजुली, बारपेटा और बटाद्रवा जैसी जगहों पर 'बाहरी लोगों' को जमीन की बिक्री पर रोक लगाने वाला कानून लाएगी। उन्होंने अवैध प्रवासियों के खिलाफ छह साल तक चले असम आंदोलन के साथ अपने जुड़ाव का जिक्र किया जिसकी परिणति अगस्त 1985 में असम समझौते पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।

शर्मा ने कहा, ''आंदोलन सिर्फ भावनाओं पर आधारित नहीं था, बल्कि तर्क पर भी आधारित था। आंदोलन के कई नेताओं ने असम को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था और उस समय के युवाओं ने भी छोटी-मोटी नौकरियां करके इसका जवाब दिया था।''

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक 19 दिसंबर को दिल्ली में होगी: रमेश

**नई दिल्ली/भाषा।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की राष्ट्रीय राजधानी में 19 दिसंबर को होने वाली अगली बैठक में एक ''मुख्य सकारात्मक एजेंडा'' बनाना, सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने के कार्यक्रम को लेकर चर्चा हो सकती है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' विपक्षी दलों के



गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं की चौथी बैठक मंगलवार, 19 दिसंबर 2023 को अपराह्न तीन बजे नई दिल्ली में होगी।'' यह बैठक हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में होगी। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कहना है कि लोगों ने ''मोदी की गारंटियों'' में विश्वास जताया है और लोग 2024 में फिर से उनकी सरकार चुनेंगे। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का इरादा एकजुटता बनाये रखते हुए ''मैं नहीं, हम'' नारे के साथ आगे बढ़ने का है।

## केंद्र बकाया जारी कर देता तो बंगाल कल्याणकारी योजनाओं में और लोगों को शामिल कर सकता था: ममता



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दावा किया कि यदि केंद्र राज्य की बकाया राशि जारी कर देता तो बंगाल कल्याणकारी योजनाओं के तहत और लोगों को शामिल कर सकता था। बनर्जी ने अलीपुरद्वार में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार चाय बागान श्रमिकों, जनजातियों और श्रमिकों सहित समाज के सभी वर्गों के साथ खड़ी है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने कहा, ''भाजपा के विपरीत मैं हमेशा अपना वादा निभाती हूं, जिसने सभी बंद चाय बागानों को फिर से खोलने का वादा किया था... अगर हमें अपना बकाया मिल जाता तो मैं और अधिक लोगों को सामाजिक योजनाओं के तहत शामिल कर सकती थी।'' मुख्यमंत्री ने 93 करोड़ रुपये मूल्य की 70 परियोजनाओं की भी घोषणा की। बनर्जी ने कहा, ''मैं दिल्ली जाऊंगी। कुछ सांसद भी वहां साथ रहेंगे। मैंने हमारी बकाया राशि जारी करने को लेकर 18 से 20 दिसंबर के बीच प्रधानमंत्री से मिलने के लिए समय मांगा है।''

## 'बंदी सिंहों' की रिहाई के लिए सिखों ने दिल्ली में विरोध मार्च निकाला



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सिख समुदाय के सदस्यों ने 'बंदी सिंहों' की रिहाई की मांग को लेकर रविवार को बंगला साहिब गुरुद्वारे से संसद मार्ग तक मार्च निकाला।

एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि पिछले हफ्ते अमृतसर में 'बंदी सिंहों' (सिख कैदियों) की रिहाई के संबंध में दो घंटे लंबी चर्चा हुई थी। समुदाय का दावा है कि ये लोग अपनी सजा की अवधि पूरी होने के बावजूद अब भी विभिन्न जेलों में बंद हैं। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, अकाल तख्त ने 'बंदी सिंहों' की रिहाई सुनिश्चित करने के तरीके तलाशने के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है और इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का फैसला किया गया है। दिल्ली शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीपीसी) के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने पीटीआई-भाषा को फोन पर बताया कि यह विरोध मार्च सिख संगठनों ने आयोजित किया था।

कालका ने कहा, विरोध मार्च में कमेटी की कोई भागीदारी नहीं थी। इसे विभिन्न सिख संगठनों ने आयोजित किया था, हमने इसे आयोजित नहीं किया था। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने विरोध मार्च के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किया था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्वक अपना मार्च निकालने का अनुरोध किया। किसी को भी कानून-व्यवस्था का उल्लंघन नहीं करने दिया गया।

## दीपंकर भट्टाचार्य ने लोकसभा से महुआ मोइत्रा के निष्कासन की निंदा की



**पटना/भाषा।** भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने लोकसभा से तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के निष्कासन की कड़ी निंदा करते हुए उनकी सदस्यता तत्काल बहाल किए जाने की मांग की है।

दीपंकर भट्टाचार्य ने रविवार को यहां एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि मोइत्रा के खिलाफ कार्रवाई केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विपक्ष को चुप कराने का एक बेशर्म प्रयास है।

दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि मोइत्रा का निष्कासन सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रतिशोधी रवैये का एक और उदाहरण है जो पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अयोग्यता और आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी से परिलक्षित हुआ था।

वामपंथी नेता ने कहा, महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने में बहुत जल्दबाजी दिखाई गई जबकि भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को सदन में बसपा सांसद दानिश अली को नफरत भरी और सांप्रदायिक धमकियां देने वाले अपनी पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी को बिना किसी नतीजे के बरी कर दिया गया।

## साहू से 'बेनामी नकदी' को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है : अविनाश पांडेय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने रविवार को कहा कि सांसद धीरज साहू से उनसे जुड़े परिसरों से बड़ी मात्रा में मिली नकदी को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

पांडेय ने इसके साथ ही स्पष्ट किया कि धीरज साहू का यह निजी मामला है और पार्टी का इससे कोई लेना देना नहीं है।

रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में पांडेय ने कहा, ''वह कांग्रेस के सांसद हैं। उन्हें आधिकारिक बयान देकर बताना चाहिए कि इतनी बड़ी राशि उनके पास कैसे आई।'' उन्होंने कहा, ''पार्टी का रुख स्पष्ट है कि यह धीरज साहू का निजी मामला है जिसका कांग्रेस पार्टी से कोई लेना देना नहीं है।''

अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा स्थित बौद्ध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी में अब तक भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। उनके मुताबिक छापेमारी के दौरान साहू से जुड़े परिसरों की भी तलाशी ली गई।

## सिक्किम में 3,640 मीटर की ऊंचाई पर दिखा रॉयल बंगाल टाइगर

**गंगटोक/भाषा।** सिक्किम के पंगालोखा वन्यजीव अभयारण्य में 3,640 मीटर की ऊंचाई पर एक रॉयल बंगाल टाइगर देखा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पंगालोखा वन्यजीव अभयारण्य सिक्किम, बंगाल और भूटान के बीच स्थित है और 128 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह सिक्किम का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य है।

अधिकारियों ने बताया कि रॉयल बंगाल टाइगर सिक्किम वन विभाग के सहयोग से अभयारण्य में अध्ययन कर रही बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) की टीम के कैमरों में दिखा। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटीटीम ने दावा किया कि यह पहली बार है जब किसी बाघ को 3,640 मीटर (11,942 फुट) की ऊंचाई पर देखा गया है।

## जूनियर महिला हॉकी विश्वकप: अमेरिका को हराकर नौवें स्थान पर रहा भारत

**सैंटियागो (चिली)/भाषा।** गोलकीपर माधुरी किंडो के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अमेरिका को सडन डेथ में 3 - 2 से हराकर जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में नौवां स्थान हासिल किया। रोमांस से भरे इस क्लासिफिकेशन मैच में भारत और अमेरिका ने निर्धारित समय में दो-दो गोल किए थे। इसके बाद मैच सडन डेथ तक खिंच गया जिसमें माधुरी ने शानदार बचाव किया जबकि रुताजा दादासो पिसल ने गोल करके भारत को जीत दिलाई। निर्धारित समय में भारत की तरफ से मंजू चौरसिया (11वें) और सुनेलिता टोप्पो (57वें) ने एक-एक गोल किया, जबकि अमेरिका की तरफ से दोनों गोल कीर्स्टन थॉमासी (27वें और 53वें) ने किये। पेनल्टी शूटआउट में दोनों टीम ने पूरा कौशल दिखाया। भारत की तरफ से मुमताज-रुताजा ने पेनल्टी शूटआउट में गोल किए। रुताजा बाद में सडन डेथ में गोल करने में सफल रही।

# पिच उतनी चुनौतीपूर्ण नहीं थी जितना हमने उसे बना दिया : दीप्ति शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपनी टीम के लचर बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए पिच पर दोष मढ़ने से परहेज करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए तैयार किया गया विकेट उतना चुनौतीपूर्ण नहीं था जितना कि वह लग रहा था।

भारतीय टीम शनिवार को खेले हुए मैच में 16.2 ओवर में केवल 80 रन ही बना पाई। पहला मैच 38 रन से गंवाने वाली भारतीय टीम दूसरे मैच में चार विकेट से हार गई जिससे इंग्लैंड तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने में सफल रहा। दीप्ति ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''पिच इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं थी कि उसमें केवल 70 या 80 रन ही बन पाते। हमें कुछ और रन बनाने चाहिए थे जिससे हमारा स्कोर 110-115 के आसपास पहुंच जाता।'' उन्होंने कहा, ''अगर हमने बीच में साझेदारियां निभाई होती तो हम अच्छे स्कोर तक पहुंच सकते थे। हम इससे सबक लेकर अगले मैच में उतरेंगे।''

दीप्ति ने गेंदबाजों के प्रयास की प्रशंसा की जिन्होंने इंग्लैंड को आसानी से लक्ष्य तक नहीं पहुंचने दिया। उन्होंने कहा, ''हम मैच को जितना संभव हो उतना खींचना चाहते थे और गेंदबाजों ने अच्छी भूमिका निभाई। हमने पूर्व में भी इस तरह के मैच खेले हैं। हम सकारात्मक बने रहना चाहते थे।''

दीप्ति ने कहा, ''पहले मैच के लिए विकेट बेहतर था और गेंद अच्छी तरह से बल्ले पर आ रही थी। दूसरे मैच की तुलना में पहले मैच में बल्लेबाजी करना आसान था।''

इंग्लैंड की ऑफ स्पिनर चार्ली डीन ने भी कहा कि उन्हें पिच से कोई शिकायत नहीं है। उन्होंने कहा, ''दूसरे मैच में काफी विकेट गिरे, लेकिन मुझे पिच को लेकर किसी तरह की शिकायत नहीं है। मैं एक गेंदबाज हूं और मुझे बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन पिच में किसी तरह की खराबी नहीं थी।''

## आयकर छापे : झारखंड भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया, कांग्रेस सांसद की गिरफ्तारी की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू से कथित रूप से भारी मात्रा में नकदी बरामद होने पर रविवार को जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया और साहू की गिरफ्तारी की मांग की।

ओडिशा स्थित बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ आयकर विभाग के छापों में अब तक बरामद नकदी 300 करोड़ के पार हो गई है। यह एक ही अभियान में बरामद नकदी का ''अब तक का सबसे बड़ा भंडार है।''

राजभवन के पास भाजपा के विरोध प्रदर्शन में स्थानीय विधायक सीपी सिंह ने कहा कि 'कांग्रेस की परंपरा' रही है लूट, घोटाले और भ्रष्टाचार में लिप्त रहना । सिंह ने कहा,'' कांग्रेस भ्रष्टाचार को प्रश्रय देती है। इसलिए उसका भंडाफोड़ करना और देश से उसका सफाया करना भाजपा का कर्तव्य है।'' चाईबासा, जमशेदपुर और बोकारो सहित कई अन्य जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन और धरने दिए गए। इससे पहले दिन में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा, ''उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों से छुटकारा पाने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' बनाया लेकिन कांग्रेस सांसद धीरज साहू के परिसर से भारी नकदी मिलने से उनके सपने चकनाचूर हो गए।''

## सुविचार

**जिंदगी में कभी उदास ना होना, कभी किसी बात पर निराश ना होना, ये जिंदगी एक संघर्ष है चलती ही रहेगी, कभी अपने जीने का अंदाज ना खोना।**

### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नाकाम कोशिश

कारगिल युद्ध के बारे में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का हालिया बयान अपनी छवि चमकाने और खुद को बड़ा नेता दिखाने की एक नाकाम कोशिश है। वे यह कहकर सहानुभूति पाना चाहते हैं कि साल 1999 में उन्हें सत्ता से इसलिए हटा दिया गया था, क्योंकि तत्कालीन थल सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ के कारगिल युद्ध षड्यंत्र का समर्थन नहीं किया था। अगर शरीफ हकीकत में 'शरीफ' होते तो उनके बयान पर कुछ विश्वास किया जा सकता था, लेकिन उनका अपना रिकॉर्ड बहुत दागदार है। पाक में चुनाव सिर पर देख नवाज यह दिखाना चाहते हैं कि वे तो शांति के दूत हैं, असल खराबी फौज में है। कारगिल युद्ध पाकिस्तान के धोखे और कपट का नतीजा था। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जिस नेक नीयत के साथ बस लेकर लाहौर गए थे, पाक ने उसका मान नहीं रखा था। आज नवाज शरीफ यह कहकर खुद को पाक-साफ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्हें कारगिल युद्ध के बारे में पूरी जानकारी नहीं थी, लेकिन उनके देश के बड़े-बड़े पत्रकार सबूतों के साथ खुलासा कर चुके हैं कि ये पूर्व प्रधानमंत्री भी मुशर्रफ के गुनाह में बराबर के भागीदार थे। मुशर्रफ ने नवाज को यह सब्ज-बाग दिखाया था कि कारगिल युद्ध षड्यंत्र सफल होने के बाद आपका नाम पाकिस्तान के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा! उसके बाद जब भारतीय थल सेना और वायुसेना ने जवाबी कार्रवाई की तो इस्लामाबाद व रावलपिंडी के होश फाख्ता हो गए थे! ये ही नवाज शरीफ थे, जब वाजपेयी ने इन्हें फोन कर फटकारा तो जनाब मासूम बनने का ढोंग करते रहे, जबकि इन्हें अपनी फौज की करतूतों के बारे में सब पता था। कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अपना लहू देकर तिरंगे की आन-बान-शान को बढ़ाया, लेकिन उस घटना से जो सबक मिले, उन्हें सरकारों को ज्यादा गंभीरता से लेना चाहिए था।

चाहे संसद भवन हमला हो, 26/11 हो या देश के अन्य हिस्सों में होने वाले बम धमाके, पाकिस्तान अपनी आतंकी नीयत और फितरत पर कायम रहा। वहीं, भारत में बहुत लोग यह उम्मीद लगाए बैठे थे कि क्रिकेट मैच करवाने से 'दोस्ती' हो जाएगी। इस बीच, मुशर्रफ ने नवाज को कुर्सी से उतार फेंका, लेकिन भारत के मामले में इन दोनों का चरित्र एक जैसा था। प्राय: भारतवासियों में 'शत्रुबोध' का अभाव होता है। उन्हें लगता है कि पाकिस्तान के राजनेता तो भारत के साथ मधुर संबंध चाहते हैं, बस इनकी फौज 'दाल-भात में मूसलचंद' बन जाती है। पाकिस्तान में कोई भी प्रधानमंत्री आए, कोई भी थल सेना प्रमुख बने, वे भारत का अहित ही सोचेंगे। कारगिल युद्ध के बाद नवाज की लोकप्रियता तेजी से गिर रही थी। वे मुशर्रफ की बलि लेकर हीरो बनना चाहते थे। उन्होंने मुशर्रफ को हटा भी दिया था, लेकिन वे उनसे ज्यादा होशियार निकले और तख्ता-पलट कर तानाशाही करते रहे। नवाज का असल दु:ख है- मुझे क्यों निकाला? भारत-पाक संबंधों की बेहतरी उनकी प्राथमिकता में नहीं है। उन्होंने साल 2013 में फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली थी तो आतंकवाद को परवान चढ़ाते रहे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल के शपथ-ग्रहण समारोह में नवाज को निमंत्रित किया था। वे उनके पारिवारिक कार्यक्रम में लाहौर भी गए थे। वही लाहौर, जहां कभी वाजपेयी ने भारत-पाक संबंधों को मधुर बनाने का आह्वान किया था। लेकिन बदले में क्या मिला? पठानकोट हमला, उरी हमला, दर्जनों आतंकवादियों की घुसपैठ! नवाज शरीफ खुद को अमन-पसंद बताकर अपने फौजी जनरलों को खलनायक और लोकतंत्र के दुश्मन के तौर पर दिखाना चाहते हैं, ताकि उन्हें (नवाज) वैश्विक संगठनों से कुछ हिमायत मिल जाए। उनकी यह भी मंशा है कि भारत के रुख में थोड़ी नरमी आ जाए। नवाज शरीफ याद रखें कि काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है! भारत न तो आपके विश्वासघात को भूलेगा और न माफ करेगा।

## ट्वीटर टॉक



मुझे आपको यह कहते हुए प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि मैं विकसित भारत एंबेसडर बन चुका हूं। मैं नमो ऐप के 100 दिनों के चैलेंज को स्वीकार करता हूं। विकसित भारत एंबेसडर पॉजिटिव काम और सोच को नरेंद्र मोदी एप के माध्यम से सब तक पहुंचाना है।

**-सीपी जोशी**



स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल श्री सी. राजगोपालाचारी जी की जयंती पर संविधान सदन में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वतंत्रता आंदोलन को सशक्त बनाने तथा आजादी के बाद लोकतंत्र स्थापित करने में राजगोपालाचारी जी का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

**-ओम बिरला**



श्री विष्णु देव साय जी को छत्तीसगढ़ भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने की हार्दिक शुभकामनाएं। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ समृद्धि और खुशहाली के मार्ग पर आगे बढ़ेगा तथा विकास के नए आयामों को छुएगा।

**-दिया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

### राष्ट्र के लिए धर्मयुद्ध

गांव नवादा (शाहजहांपुर) के ठाकुर रोशन सिंह छह फुटे लंबे और बलिष्ठ देह के धनी थे। क्रांतिकारी युवाओं का साहस देखकर वे क्रांतिकारी बने थे। काकोरी ट्रेन डकैती में उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई थी। फांसी से छह दिन पहले उन्होंने अपने एक मित्र को यह पत्र लिखा था, 'इसी हफ्ते मुझे फांसी होगी, आप मेरे लिए रत्तीभर रंज न करें। दुनिया में पैदा होकर सबको मरना है। यहां रहते हुए आदमी अपने को बदनाम न करें और मरते वक्त उसे ईश्वर की याद रहे। प्रभु कृपा से मेरे साथ ये दोनों बातें हैं। फलत: मेरी मौत अफसोस के लायक नहीं है। दो साल बच्चों से अलग रहने के कारण जेल में मुझे ईश्वर भजन का खूब मौका मिला। मोह समेत मेरी सारी इच्छाएं तिरोहित हो गई। हमारे शास्त्रों में लिखा है, जो आदमी धर्मयुद्ध में प्राण देता है उसकी वही गति होती है, जो वन में तपस्या करने वालों की। 'जिंदगी जिंदादिली को जान ऐ रोशन, वरना कितने मरे और पैदा होते जाते हैं।' आखिरी नमस्ते। 19 दिसंबर, 1927 को ज्यों ही जेलर का बुलावा आया, वे गीता हाथ में लेकर मुस्कुराते हुए चल पड़े। तख्त पर चढ़ते ही उन्होंने वंदे मातरम का नाद और प्रभु का स्मरण किया तथा फांसी पर झूल गए।

## सामयिक

# दुनियाभर में दिखा मोदी की गारंटी का जलवा

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और उनका जादू दुनियाभर में चल रहा है और एक बार फिर निर्विवाद रूप में दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता स्वीकारे गए है। मोदी की गारंटी की गूंज दुनियाभर में सुनाई दे रही है। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों के विधानसभाओं चुनाव में लोगों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा व्यक्त कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के झड़े गाड़ दिए। हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दबदबे और सर्वप्रियता पर वैश्विक मुहर एक बार फिर लग गई है। अमेरिका स्थित कंसल्टेंसी फर्म के 'ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग ट्रैकर' के मुताबिक मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ती ही जा रही है। देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में मोदी का जलवा बरकरार है। मोदी की वैश्विक लोकप्रियता के आसपास भी कोई नहीं है। मॉर्निंग कंसल्ट के ग्लोबल लीडर अप्रूवल सर्वे में दुनियाभर के नेताओं को पछाड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 76 फीसदी के साथ टॉप पर हैं। सर्वे में दूसरे स्थान पर 66 प्रतिशत रेटिंग मैक्सिको के प्रेसिडेंट ओब्राडोर रहे हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 37 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ 8वें पायदान पर हैं, जबकि इसी सर्वे में इटली की पीएम जॉर्जिया मैलोनी 41 प्रतिशत रेटिंग के साथ छठें नंबर पर हैं।



भारत में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया जहां प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को अगले लोकसभा चुनाव में सत्ताच्युत करने की रणनीति पर आज भी चक्करघिन्नी हो रहा है वहां देश और दुनियां में मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। अपने ही देश में कुछ सियासी शक्तियों को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी फूटी आँखों नहीं सुहाते। मोदी का नाम आते ही उनके तन बदन में आग सी लग जाती है। मगर दुनियां ने उन्हें सिर आँखों पर बैठा रखा है। प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली, सोच, साहस, हौसला, कार्य निष्ठा, देश के प्रति समर्पण, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व और कुछ कर गुजरने की ललक ने उनकी लोकप्रियता को देश ही नहीं अपितु दुनिया में भी बढ़ाने का काम किया है। मोदी के दबदबे और लोकप्रियता पर एक बार फिर वैश्विक मुहर फिर लग गई है। मोदी एक मजबूत वैश्विक नेता के रूप में उभरे हैं। देश में 2024 लोकसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में हर कोई यह जानना चाहता है कि दो बार से केंद्र की सत्ता पर काबिज पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार के प्रति देश के लोगों का रुख कैसा है। इससे पूर्व इसी वर्ष अमेरिकन सर्वे एजेंसी प्यू रिसर्च सेंटर ने अपने सर्वे में कहा था, अगले साल फिर मोदी लोकसभा चुनाव जीतने वाले हैं। सर्वेके मुताबिक 79 फीसदी भारतीयों का भरोसा अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बना हुआ है। लोगों का मानना है कि बीते वर्षों के दौरान भारत का कद दुनिया भर में तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर के कुल 23 देशों में 30,861 लोगों पर किए गए इस सर्वे के दौरान 20 फरवरी 2023 से 22 मई 2023 के बीच आंकड़े जुटाए गए। इस दौरान 68 फीसदी भारतीय वयस्कों ने माना कि दुनिया में भारत का प्रभाव बढ़ा है। 55 फीसदी लोगों की सोच मोदी के प्रति अनुकूल है। वो अगले साल आम चुनाव के दौरान फिर से पीएम मोदी को देश की सत्ता संभालते हुए देखना चाहते हैं।

इससे पूर्व इंडिया टुडे-सी वोटर मूड ऑफ द नेशन सर्वे से पता चला कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बरकरार है। सर्वेक्षण में पाया गया कि सर्वे में शामिल 52 प्रतिशत लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के पक्ष में हैं। इससे पूर्व भी अनेक वैश्विक संस्थाओं ने भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को देश और दुनिया का शानदार नेता और काबिल प्रधानमंत्री घोषित कर उनके कार्यों की भूरी भूरी सराहना की। अनेक परीक्षाओं के निर्विवाद रूप से पास करने के बाद मोदी की स्वीकार्यता न केवल देश अपितु दुनिया में बढ़ी है। मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री तक 23 साल का बेमिसाल सफर पूरा करने वाली यह शख्सियत नरेन्द्र दामोदर दास मोदी आज ग्लोबल लीडर के रूप में अपनी पहचान कायम करने में सफल हुए है। मोदी में गजब का आत्मविश्वास है। प्रखर और कुशल वक्ता के रूप में उनकी राष्ट्रीय पहचान है। लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में उन्होंने अपने नेता अटल बिहारी को भी पीछे छोड़ दिया है। भाजपा के लगभग सभी नेताओं ने उनके करिश्माई नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है जिनमें वरिष्ठ नेता भी शामिल है।

## विशेष

# नोबेल पुरस्कारों का 122 वर्ष का सफरनामा

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9034304041.

स्वीडन के जाने-माने वैज्ञानिक एल्फ्रेड नोबेल की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष 10 दिसम्बर को स्टॉकहोम (स्वीडन) में आयोजित एक भव्य समारोह में नोबेल फाउंडेशन द्वारा कुछ महान हस्तियों को दुनिया का सर्वोच्च सम्मान नोबेल पुरस्कार' प्रदान किया जाता है। प्रतिवर्ष यह पुरस्कार विश्व शांति, चिकित्सा शास्त्र, अर्थशास्त्र, साहित्य, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है। विजेताओं के नामों की घोषणा करीब दो माह पूर्व अक्तूबर माह में ही कर दी जाती है। वर्ष 2023 में नोबेल पुरस्कार छह अलग-अलग श्रेणियों में कुल 11 व्यक्तियों तथा संगठनों को दिए गए हैं। इस वर्ष दुनिया की जिन महान हस्तियों को नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं, उनमें शांति का नोबेल पुरस्कार महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने वाली पत्रकार और ईरानी कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ उनकी अथक लड़ाई और मानवाधिकारों एवं स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया है। साहित्य में 2023 का नोबेल नॉर्वेजियन लेखक जॉन फॉसे को उनके नवोन्मेषी नाटकों और गद्य के लिए दिया गया, जिनमें उन्होंने नाटकों, उपन्यासों, कविता, निबंधों, बच्चों की किताबों और अनुवादों सहित विविध शैलियों में अनकहे को आवाज दी।

2023 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार महिला श्रम शक्ति भागीदारी पर उल्लेखनीय कार्यों के लिए हार्वर्ड प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को दिया गया है। क्लाउडिया ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार भागीदारी का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया। चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से हंगरी के सागन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कैटालिन कारिको और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर ड्रू वीसमैन को एमआरएनए (मैसेंजर राइबोन्यूक्लिक एसिड) तकनीक में उनके अग्रणी कार्य के लिए दिया गया, जो कोविड-19 वैक्सीन विकास में सहायक है। भौतिकी का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से तीन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों पियरे



ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एलश्हुलियर को दिया गया है। रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार क्वांटम डॉट्स के अभूतपूर्व आविष्कार और संश्लेषण के लिए संयुक्त रूप से मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के मौंगी जी बावेंडी, कोलंबिया विश्वविद्यालय के लुईस ई ब्रुस तथा नैनोक्रिस्टल टैक्नोलॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई एकिमोव को दिया गया है।

नोबेल पुरस्कारों को लेकर यह जानना बहुत दिलचस्प है कि इन पुरस्कारों को दुनिया का सर्वोच्च सम्मान क्यों माना जाता है। दरअसल इस पुरस्कार में इस वर्ष यानी 2023 में नोबेल पुरस्कार विजेताओं को 10 मिलियन स्वीडिश क्राउन राशि दी जाएगी, जो भारतीय मुद्रा में करीब 7.52 करोड़ रुपये होगी। यह राशि विश्वभर में किसी भी कार्य के लिए दिए जाने अन्य पुरस्कारों की राशि से बहुत अधिक है। यदि किसी एक क्षेत्र में एक से अधिक विजेता होते हैं तो उस क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार की राशि विजेताओं में नियमानुसार बांट दी जाती है। इस पुरस्कार राशि के अलावा प्रत्येक विजेता को करीब 6 सेंटीमीटर व्यास का 200 ग्राम वजनी 23 कैरेट सोने का पदक भी दिया जाता है। नोबेल पुरस्कारों की शुरूआत 10 दिसम्बर 1901 को डा. एल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि के अवसर पर ही की गई थी और तभी से ये पुरस्कार प्रतिवर्ष निरन्तर दिए जा रहे हैं। शुरूआत में रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, चिकित्सा शास्त्र, साहित्य और विश्व शांति के क्षेत्र में ही नोबेल पुरस्कार दिए गए और पुरस्कार के तहत करीब साढ़े पांच लाख रुपये की धनराशि दी गई थी। बाद में अर्थशास्त्र के क्षेत्र में भी यह पुरस्कार दिया जाने लगा।

नोबेल पुरस्कार की स्थापना स्वीडन के वैज्ञानिक डा. एल्फ्रेड नोबेल द्वारा की गई थी। 10 दिसम्बर 1896 को उनकी मृत्यु हो गई थी लेकिन अपनी मृत्यु से पहले ही उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के लिए भारी-भरकम धनराशि देने के लिए 27 नवम्बर 1895 को एक वसीयत लिख दी थी। उस वसीयत के अनुसार उन्होंने अपनी करीब 90 लाख डॉलर मूल्य की कुल सम्पत्ति से मिलने वाले ब्याज का उपयोग करते हुए रसायन, भौतिकी, चिकित्सा, साहित्य और विश्व शांति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का अनुरोध करते हुए इसके लिए धन के इस्तेमाल हेतु एक ट्रस्ट की स्थापना का प्रावधान किया था। 21 अक्तूबर 1833 को जन्मे एल्फ्रेड नोबेल ने डायनामाइट का आविष्कार किया था और 1867 में इंग्लैंड में उस पर पेटेंट भी ले लिया था। पेटेंट हासिल करने के बाद एल्फ्रेड काफी अमीर हो गए थे क्योंकि डायनामाइट अत्यधिक उपयोगी साबित हुआ। अपने उस आविष्कार से बहुत पैसा कमाने के बावजूद उन्हें धक्का तब लगा, जब उनकी उस खोज के लिए उन्हें विध्वंसक प्रवृत्ति का व्यक्ति माना जाने लगा। यही कारण रहा कि उन्होंने अपनी कमाई गई बेशुमार दौलत में से ही कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों के लिए नोबेल पुरस्कार शुरू करने का विचार किया।

दुनिया का यह सबसे प्रतिष्ठित सम्मान कभी-कभार विवादों के साये में भी घिरा है लेकिन फिर भी वास्तविकता यही है कि दुनिया का बड़े से बड़ा शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति रहा हो, जिसे इस पुरस्कार को पाने की लालसा न रही हो। नोबेल पुरस्कारों की महत्ता की बात की जाए तो इनका सबसे मजबूत पक्ष यही है कि इस पुरस्कार को पाने की आस में ही सही, विश्वभर के अनेक राष्ट्र प्रमुखों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों द्वारा भी अपने क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य करने के प्रयास किए जाते रहे हैं। सही मायनों में नोबेल पुरस्कार समूची मानवता को सामाजिक न्याय, लोकतंत्र तथा शांति के नजदीक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं।

## चिंतन

# कहां गए वे पुश्तैनी फैमिली डॉक्टर?

आर.के. सिन्हा

अगर आपकी उम्र 45-50 साल से अधिक होगी तो आपको याद होगा कि पहले हर शहर की हर कॉलोनी में वे डॉक्टर प्रैक्टिस करते थे, जिन पर सैकड़ों परिवार भरोसा रखते थे। वे परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने पर उसके पास तुरंत चले जाते थे। वे डॉक्टर रोगी का कायदे से इलाज करते थे क्योंकि, वे रोगी को पहले से ही अच्छी तरह से जानते थे। वह रोगी की सारी व्यथा को सुनने के बाद सही दवाई बताता था। क्योंकि उसे रोगी के परिवार के हरेक सदस्य के बारे में विस्तार से जानकारी हुआ करती थी। बहुत अवसरों पर तो इनमें पारिवारिक संबंध भी हुआ करते थे। उसे ही कहा जाता था फैमिली डॉक्टर। अब फैमिली डॉक्टरों की संस्था लुप्त सी हो गई है। उनकी जगह ले ली है क्लिनिकों, नर्सिंग होम और बड़े अस्पतालों में बैठने वाले डॉक्टरों ने। उनका अपने किसी भी रोगी से कोई संबंध नहीं होता। वह फैमिली डॉक्टर से बिलकुल ही अलग होता है। फैमिली डॉक्टर को जब भी बुलाया जाता था तो वह अपना डॉक्टर का बैग लेकर मरीज के पास पहुंच जाता था। रोगी को देखने के बाद रोगी के घर में चाय-नाशता करने के बाद ही जाता। लेकिन, अब वह परंपरा पूरी तरह से ख़त्म हो गई है।

बिहार के बेगूसराय में डॉ. अमृता सैकड़ों परिवारों की फैमिली डॉक्टर हुआ करती थीं। बीती दीवाली से पहले उनके निधन से उनके अनगिनत रोगी शोक में डूब गए। जानी-मानी गायनकोलॉजिस्ट डॉक्टर अमृता डेंगू संक्रमण का शिकार हो गयी। प्रतिभाशालिनी डॉक्टर थीं अमृता मैडम ख सहृदय और संवेदनशील चिकित्सक थी। हरेक रोगी का पूरे मन से इलाज करती। डॉ. अमृता ग़रीब और दूरदराज से आये रोगियों को भी अपना समझकर इलाज करती थीं। उनके रोगी आज के दिन अपने को अनाथ महसूस कर रहे हैं। उनके लिए सांत्वना के कोई शब्द नहीं मिलते। नियति की क्रूरता का कोई उत्तर नहीं मिलता। वह सच में एक समर्पित फैमिली डॉक्टर थीं।

श्रमिकों के शहर कानपुर के रहने वाले मित्र बताते हैं कि वहां पर कुछ साल पहले तक हर मोहल्ले में दो-तीन फैमिली डॉक्टर सक्रिय रहते थे। वे तेज बुखार, जोड़ों में भयंकर पीड़ा और शरीर के बाकी भागों में किसी तकलीफ की स्थिति में रोगियों का इलाज कर दिया करते थे। वे दवाएं लिखते और रोगी उन्हें लेने के बाद ठीक होने लगता। इतना बोल देते कि अगर दवा काम नहीं करेंगी तो तभी जांच करायेंगे। पर आमतौर पर फैमिली डॉक्टर की दवा लेने के बाद मरीज का बुखार उतर जाता, उल्टियां नहीं होती और बदन दर्द में भी आराम मिल जाता।

राजधानी के करोल बाग में भी कुछ साल पहले तक डॉ. कुसुम जौली भल्ला नाम की एक मशहूर फैमिली डॉक्टर थीं। वह जनरल फिजिशयन के साथ-साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ थीं। उनके पास वेस्ट दिल्ली के बहुत सारे लोग आते। डॉ. कुसुम अपने रोगियों से पारिवारिक संबंध बना लेती। वह कथाकार भीष्म साहनी से लेकर न जाने कितने परिवारों की फैमिली डॉक्टर भी थीं। डॉ. कुसुम के रोगी उन्हें सुबह पार्क में ही घेर लेते थे। वहां पर रोगी और डॉक्टर के बीच संवाद चालू हो जाता और दवाई बता दी जाती। ये सिलसिला लगातार जारी ही रहता था। उनके क्लिनिक में तमस जैसी कालजयी रचना के लेखक भीष्म साहनी भी आते थे। भीष्म साहनी की मृत्यु के बाद डॉ. कुसुम बेमन से ही कभी-कभार पार्क जातीं। अब उनका वक्त अपने मेडिकल सेंटर में ही बीतता। सुबह से शाम तक रोगी आते-जाते रहते। उनमें महिलाएं ही अधिक होतीं। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमडी करने के बाद डॉ.कुसुम ने अपना होप नाम से क्लिनिक खोला था। उनका बांझ स्त्रियों के इलाज में महत्वपूर्ण शोध था। डॉ.कुसुम देश की उन पहली चिकित्सकों में थी, जिन्होंने सैकड़ों नि:संतान दम्पत्तियों को कृत्रिम गर्भाधान विधि से संतान सुख दिया था। वह महिला बांझपन के लक्षण, कारण, इलाज, दवा, उपचार पर निरंतर अपने रिसर्च पेपर देश-विदेश में होने वाले सम्मेलनों में प्रस्तुत कर ही रही थीं। पर डॉ.कुसुम की 2013 में अकाल मृत्यु से बहुत रोए थे उनके रोगी भी।

अब तो रोगी डॉक्टरों के पास जाने से भयभीत रहते हैं। उन्हें पता होता है कि डॉक्टर साहब उन्हें एक बाद एक टेस्ट करवाने के लिए कहेंगे। यह अच्छी बात है कि कुछ डॉक्टरों ने रोगियों के अनाप-शनाप टेस्ट करवाने की बढ़ती मानसिकता पर विरोध भी जताया है। वे इन टेस्ट को बंद करने की जोरदार तरीके से वकालत कर रहे हैं। किसी डॉक्टर को कायदे से रोगी को कितने टेस्ट करवाने के लिए कहना चाहिए? इस सवाल का जवाब तो डॉक्टर ही दे सकते हैं, पर रोगियों को अनेक टेस्ट करवाने के लिए कहना अब रोगियों और उनके संबंधियों के लिए जी का जंजाल बन चुका है। उस दीन-हीन रोगी को पता ही नहीं होता कि जिन टेस्ट को करवाने के लिए उससे कहा जा रहा है, उसकी उसके इलाज में कितनी उपयोगिता है। चूंकि डॉक्टर साहब का आदेश है तो उसका पालन करना उस बेचारे रोगी का धर्म है। यह सब डॉ. कुसुम और डॉ. अमृता जैसे डॉक्टर नहीं करते थे। इसलिए ही इन डॉक्टरों का समाज में सम्मान था। उन्हें भगवान समझा जाता था। अब तो शायद ही कोई बहुत भाग्यशाली रोगी होगा, जिसे डॉक्टर ने बहुत से टेस्ट करवाने के लिए नहीं कहा हो।

कुछ डॉक्टरों की इसी सोच को चुनौती दे रहे हैं जिनमें हैं, राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉ. राजीव सूद, एम्स के प्रख्यात कार्डियालोजिस्ट डॉ. बलराम भार्गव और सर गगांराम अस्पताल के गेस्ट्रो विभाग में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. समीरन नंदी। डॉ. राजीव सूद मौलाना आजाद मेंडिकल कॉलेज तथा एम्स के छात्र रहे। एम्स से यूरोलोजी की डिग्री लेने के बाद वे राम मनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े। डॉ राजीव सूद 40 सालों की सरकारी सेवा करने के बाद हाल ही में रिटाय़र हुए तो उनके सैकड़ों रोगी परेशान हैं। वे तो निस्वार्थ भाव से रोगियों का इलाज कर रहे थे। मुश्किल से मिलते हैं उनके जैसे डॉक्टर। उन्होंने बाबू जगजीवन राम से लेकर न जाने कितने रोगियों का इलाज किया। उन्होंने ही फ्राड सम्राट नटवरलाल का भी इलाज किया था। सब जानते हैं नटवरलाल को।

बहरहाल, हमें राष्ट्रहित और समाजहित में फिर से फैमिली डॉक्टर की संस्था को जिंदा करना ही होगा।

महत्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# इंडोनेशिया का प्रम्बानन मंदिर : दक्षिण पूर्व एशिया के साथ भारत के गहरे सांस्कृतिक संबंधों का प्रमाण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

योग्यकार्ता (इंडोनेशिया)। मुस्लिम-बहुल देश इंडोनेशिया के योग्यकार्ता शहर के बाहरी इलाके में 240 हिंदू मंदिरों से सुसज्जित सदियों पुराना प्रम्बानन मंदिर, दक्षिण पूर्व एशिया के साथ भारत के गहरे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों का प्रमाण है। योग्यकार्ता शहर से लगभग 17 किलोमीटर उत्तर पूर्व में स्थित 10वीं सदी का प्रम्बानन मंदिर, इंडोनेशिया का सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर माना जाता है। यूनेस्को विरासत स्थल, कैंडी प्रम्बानन के नाम से मशहूर प्रम्बानन मंदिर इंडोनेशिया के प्रमुख मंदिरों में से एक है। बाली के अलावा यह मंदिर भी भारतीय पर्यटकों को काफी आकर्षित करता है।

क्षेत्र के कई मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए भारत आर्थिक सहायत उपलब्ध कराता रहा है। साथ ही भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से करीबी देशों को सांस्कृतिक कूटनीति के तहत अपनी सेवाएं भी देता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने आसियान देशों- लाओस, वियतनाम, इंडोनेशिया और कंबोडिया में कई ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार का भी काम किया है। आसियान में भारत के राजदूत जयंत खोबरागड़े ने कहा कि नयी दिल्ली प्रम्बानन मंदिर के जीर्णोद्धार के सहयोग में शामिल नहीं है। उन्होंने कहा, हालांकि, भारत आसियान के सदस्य देशों में कई मंदिरों के जीर्णोद्धार में सहायता कर रहा है।

प्रम्बानन मंदिर का मूल परिसर भूकंपों और ज्वालामुखी विस्फोटों से नष्ट हो गया था। 17वीं शताब्दी में इसे फिर से खोजा गया और अब पुन: स्थापित किया जा रहा है। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया, ''पहले इसका निर्माण पत्थरों को आपस में जोड़ने की विधि से किया गया था। यह एक बहुत ही जटिल संरचना है। अब तक, परिसर के 240 मंदिरों में से सिर्फ 22 मंदिरों का ही जीर्णोद्धार हो पाया है।'' उन्होंने बताया कि और भी संरचनाओं को पुन: स्थापित करने का काम चल रहा है। यह मंदिर तीन मुख्य हिंदू देवताओं 'त्रिमूर्ति'- ब्रह्मा, विष्णु और महेश (शिव) को समर्पित है।

यूनेस्को की वेबसाइट के अनुसार, ''मंदिर की संरचना को मजबूत करने के लिए दोनों विधि- पत्थर को आपस में जोड़ने की मूल पारंपरिक विधि और कंक्रीट का उपयोग कर आधुनिक विधि से कार्य किया जा रहा है। जीर्णोद्धार का कार्य 1918 से चल रहा है।'' मंदिर परिसर के लिए सरकार द्वारा अधिकृत एक पर्यटक गाइड ने संरचना की अनूठी निर्माण शैली के बारे में बताते हुए कहा कि मूल परिसर की कोई भी तस्वीरें नहीं होने से जीर्णोद्धार कार्य काफी कठिन है।

उद्घाटन



असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा रविवार को गुवाहाटी के जजेज फील्ड में प्रोटेक गुवाहाटी प्रीमियर फुटबॉल लीग टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में।

स्वागत



छत्तीसगढ़ के मनोनीत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को रविवार को रायपुर में भाजपा विधायक दल की बैठक में भाजपा पार्टी के नेता सर्बानंद सोनोवाल और दुष्यंत कुमार गौतम ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# आतंकवादियों से सहानुभूति रखना मानवाधिकारों के प्रति बड़ा अन्याय : मिश्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा ने रविवार को कहा कि आतंकवाद पूरे विश्व में नागरिकों के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन करता है और आतंकवादी कृत्यों एवं आतंकवादियों की अनदेखी करना या उनसे सहानुभूति रखना मानवाधिकारों के प्रति ''बड़ा अन्याय'' है।

'भारत मंडपम' में मानवाधिकार दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में न्यायमूर्ति मिश्रा ने यह भी कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकियों का नैतिक प्रभाव ''गंभीर चिंता का विषय है।'' इस अवसर पर मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की 75वीं वर्षगांठ भी मनायी गयी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि रहे। समारोह में कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजीडेंट संयोजक शोम्बी शार्प भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा, ''मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में ऐसे आदर्श शामिल हैं जो हमारे मूल्यों के अनुरूप हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि ''असमानता में नाटकीय वृद्धि'' और जलवायु, जैवविविधता तथा प्रदूषण के तिगुने संकट पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकियों की चुनौतियां समकालीन समाज के ताने-बाने में बुनती हैं। न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा, ''नयी डिजिटल प्रौद्योगिकियों ने लोगों के रहने के तरीके को बदल दिया है और सभी सतत लक्ष्यों की प्रगति में मदद की है। इंटरनेट उपयोगी है लेकिन उसका स्याह पक्ष भी है, वह घृणा फैलाने वाली सामग्री के जरिए निजता का उल्लंघन कर रहा है, भ्रामक सूचना से लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर हो रही है।''

# नरगिस मोहम्मदी के बच्चों ने उनकी ओर से नोबेल शांति पुरस्कार स्वीकार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हेलसिंकी। जेल में बंद ईरानी कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी के बच्चों ने रविवार को नॉर्वे की राजधानी में एक समारोह में उनकी ओर से इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार स्वीकार किया। मोहम्मदी अपने देश में महिलाओं के अधिकारों और लोकतंत्र के लिए अभियान चलाने के साथ-साथ मृत्युदंड के खिलाफ मुखर रही हैं। मोहम्मदी के 17 वर्षीय जुड़वां बच्चे अली और कियाना रहमानी अपने पिता के साथ पेरिस में निर्वासन में रह रहे हैं। मोहम्मदी (51) को अक्टूबर में 2023 के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई थी। वह फिलहाल तेहरान की एक जेल में बंद हैं। ईरान में इससे पहले भी उन्हें कई बार गिरफ्तार किया गया था और कई साल जेल में रह चुकी हैं।

ओस्लो में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कियाना रहमानी ने अपनी मां का एक संदेश पढ़ा, जिसमें उन्होंने ''असहमति, प्रदर्शनकारियों और मानवाधिकार रक्षकों की आवाज को दुनिया तक पहुंचाने'' में अंतरराष्ट्रीय मीडिया द्वारा निभाई गई भूमिका की प्रशंसा की। मोहम्मदी ने अपने संदेश में कहा, ''ईरानी समाज को वैश्विक समर्थन की आवश्यकता है और आप, पत्रकार और मीडियाकर्मी इस्लामी गणतंत्र सरकार के विनाशकारी अत्याचार के खिलाफ कठिन संघर्ष में हमारे सबसे बड़े और सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। आपके प्रयासों के लिए, आपने हमारे लिए जो कुछ भी किया है, उसके लिए मैं आपको तहे दिल से धन्यवाद देती हूं।'' कियाना रहमानी ने कहा कि उन्हें अपनी मां से दोबारा मिलने की बहुत कम उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''शायद मैं उन्हें 30 या 40 साल में देख पाऊंगी, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उन्हें दोबारा नहीं देख पाऊंगी। लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि मेरी मां हमेशा मेरे दिल में रहेंगी, मूल्यों के लिए लड़ना जरूरी है।''

मोहम्मदी के भाई और पति ने ओस्लो में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने ईरान में बहाई धर्म के अल्पसंख्यकों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए रविवार को भूख हड़ताल करने की योजना बनाई है।

रहमानी के पति ताघी ने पूर्व में कहा था कि वह 11 साल से अपनी पत्नी को नहीं देख पाए हैं और उनके बच्चों ने सात साल से अपनी मां को नहीं देखा है।

# 'भूल-भुलैय्या-3' में सारा अली खान के साथ नजर आ सकते हैं कार्तिक आर्यन

मुंबई/एजेन्सी



कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। अब इस फिल्म के अगले भाग का दर्शकों को इंतजार है। प्राप्त समाचारों के अनुसार अब इस फिल्म में सारा अली खान की एंट्री हो गई है।

वर्ष 2020 में आई लव आजकल के बाद यह जोड़ी किसी फिल्म में नजर नहीं आई है। इस जोड़ी को एक साथ लाकर निर्माता भूल भुलैय्या-3 को भी हिट फिल्मों में शामिल करवाना चाहते हैं। लव आजकल के दौरान कार्तिक और सारा अली खान के रिलेशनशिप के चर्चे आम हो रहे थे।

हालांकि फिल्म के प्रदर्शन के बाद दोनों के रिश्तों में दूरी आ गई हालांकि वे कई बार एक साथ नजर आए हैं। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी 2024 में इइ2 की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। फिल्म में सारा अली खान के अलावा कियारा आडवाणी और तब्बू के भी नजर आने की खबर है। कार्तिक आर्यन, अनीस बज्मी और भूषण कुमार ने फिर एक बार इस सुपरहिट फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। भूल भुलैया भूषण कुमार और कार्तिक आर्यन की पसंदीदा फ्रेंचाइजी है और पार्ट 3 के लिए वो इसका बजट बढ़ाना चाहते हैं।

जानकारी के मुताबिक मेकर्स ने स्क्रिप्ट लॉक करने के लिए काफी तेजी से काम किया है। अब फरवरी 2024 तक इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी जाएगी। मालूम हो कि कार्तिक आर्यन और सारा अली खान की फिल्म 'लव आज कल 2' बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों के करीब आने की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। लेकिन फिल्म की रिलीज के बाद दोनों ने दूरियां बना लीं। हालांकि पब्लिक इवेंट्स में दोनों कई बार साथ नजर आते रहे।

# 'श्रीमद रामायण' का नया प्रोमो रिलीज

मुंबई/वार्ता

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले सीरियल श्रीमद रामायण का नया प्रोमो रिलीज हो गया है श्रीमद रामायण सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर 01 जनवरी 2024 से शुरू होगा।सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन चैनल ने श्रीमद रामायण एक नया प्रोमो जारी किया है,जिसमें जन-जन के आदर्श, मन-मन के आराध्य- सिया राम की प्रस्तुति की गयी।

मां सीताजी का किरदार प्राची बंसल निभाएंगी वहीं सुजय रेऊ ने भगवान राम का किरदार निभाया है। प्राची बंसल ने कहा,मुझे ऐसा लगता है जैसे मैंने इस भूमिका को चुना, और यह एक ऐसा हिस्सा है जिसे केवल कुछ ही कलाकार अपने जीवनकाल में निभाने के लिए भाग्यशाली होते हैं।

हम रामायण या इसके विभिन्न पहलू की कहानियां सुनते हुए बड़े हुए हैं , इसलिए चुनौती यह है कि इस ज्ञात कहानी को जीवंत किया जाए और स्थायी प्रेम, दृढ़ निष्ठा और अटूट विश्वास को चित्रित किया जाए जिसके लिए राम और सीता जाने जाते हैं और उनकी पूजा की जाती है।

सुजय रेऊ ने कहा, यह प्रोमो सीता और राम के बीच के रिश्ते को परिभाषित करने वाले गहन प्रेम और आपसी श्रद्धा को खूबसूरती से दर्शाता है, जो इस अनंत कथा को दोबारा प्रस्तुत में भावनाओं की एक नई गहराई जोड़ता है। 'श्रीमद रामायण' हर सोमवार से शुक्रवार रात 09 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

# भोजपुरी फिल्म 'करियट्ठी' बनाएगी नीतू चंद्रा श्रीवास्तव

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री-फिल्मकार नीतू चंद्रा श्रीवास्तव भोजपुरी फिल्म करियट्ठी बनाने जा रही है। देशवा, मिथिला मखान और जैक्सन हॉल्ट जैसी फिल्में बना चुकी नीतू चंद्रा श्रीवास्तव अब भोजपुरी भाषा में फिल्म करियट्ठी बनाने जा रही है। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने फिल्म करियट्ठी को लेकर कहा कि यह प्योर बिहारी भाषा का शब्द है। हमारे समाज में जब किसी लड़की का रंग काला या एवरेज होता है, तब बचपन से ही घर में और सोसाइटी में अलग-अलग तरह की बातें होने लगते हैं। लोगों के अलग सोच देखने को मिलते हैं। ऐसे में घर वालों का सपोर्ट जब मिले तो वह एवरेज लड़कियां भी अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ती हैं। इसके लिए इंस्पिरेशन जरूरी है। हमारी फिल्म कुछ इसी के इर्द-गिर्द है। हम इस फिल्म को भोजपुरी में बना रहे हैं। इसके अलावा एक और भोजपुरी और एक मगही फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस बार भी हमारी फिल्म में कास्ट और क्रू से लेकर हर कुछ बिहार का ही होगा।

नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने बताया कि मैं और मेरा भाई नितिन चंद्र पिछले 12 वर्षों से बिहार में फिल्म का निर्माण जहां रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। यही वजह है कि हमारी फिल्मों में कलाकार टेक्नीशियन लोकेशन सब कुछ में बिहार के लोगों को मौका मिलता है। हमारा मकसद यह है कि मनोरंजन के क्षेत्र में हमारे प्रदेश का विकास हो और यहां फिल्मों का माहौल बने और लोगों को रोजगार मिले। जो लोग वर्षों थिएटर करते हुए अपनी जिंदगी काट देते हैं, उन्हें पहचान मिले। और बिहार की प्रतिष्ठा दुनिया भर में और बढ़े।

नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने कहा कि जब हम बिहार में फिल्म की शूटिंग कर रहे होते हैं तो कहीं ना कहीं हम यहां कुछ लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करते हैं। अभिनेता, ट्रांसपोर्ट, मेक अप आर्टिस्ट, कैटरिंग आदि कई चीजों में 30 दिनों तक हम लोगों को रोजगार से जोड़ पाते हैं। सोचिए, यदि यहां एक साथ 10 से ज्यादा फिल्मों की शूटिंग होने लगे तो बिहार के लोगों को और कितनी अधिक मात्रा में रोजगार मिलेगा! हमारा यही प्रयास है और इसके लिए हम पिछले 12 सालों से निरंतर लगे हुए हैं।

# अमिताभ की पोस्ट से हैरान हुए दर्शक व पाठक, तस्वीर से हट नहीं रही नजरें

मुंबई/एजेन्सी



बच्चन परिवार इन दिनों मीडिया की सुर्खियों में है। इसका कारण है अभिषेक बच्चन और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय के मध्य विवाद और तनाव। मीडिया इस परिवार पर तीखी नजर रखता है। इस परिवार में अभी फिल्मों से जुडे हैं सिवाय बेटी व दामाद के। फैमिली में एक से बढ़कर एक दिग्गज कलाकार हैं।

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, उनकी पत्नी जया बच्चन, बेटा अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या रॉय बच्चन ने अपनी एक्टिंग के दम पर नेम-फेम सब कुछ हासिल किया है। फैंस उन पर अथाह प्यार लुटाते हैं। ऐसे में वे उनसे जुड़ी हर गतिविधि पर नजर रखते हैं और कुछ भी हलचल होते ही उन्हें पता चल जाता है। मीडिया भी उन्हें लगातार कवर करता रहता है।

इन दिनों बच्चन फैमिली कुछ ज्यादा ही सुर्खियों में है। इसकी वजह कुछ घटनाएं हैं जिनमें ऐश्वर्या के साथ उनकी खटास दिखी। अब अमिताभ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ ऐसी पोस्ट डाली है जिससे एक बार फिर अटकलों का बाजार गरम हो गया। अमिताभ ने ट्विटर पर ट्वीट के साथ खुद की एक ब्लैक एंड व्हाइट फोटो भी शेयर की है, जिसमें वे ख्यालों में खोए दिख रहे हैं।

ये फोटो 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट की है। फोटो के कैप्शन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है, जिसमें इशारों-इशारों में काफी गंभीर बात कही गई है। अमिताभ ने लिखा-सब कहा जा चुका है, सब किया जा चुका है. तो जो करना था किया, जो किया तो किया। कुछ यूजर्स का मानना है कि अमिताभ की ये पोस्ट ऐश्वर्या को लेकर उनकी नाराजगी की ओर संकेत कर रही है। हालांकि नाराजगी की अफवाहों पर बच्चन परिवार के किसी भी सदस्य ने अब तक कोई रिएक्शन नहीं दी है।

2हाल ही अमिताभ के नाति/दोहिते अगस्त्य की डेब्यू मूवी 'द आर्चीज' के प्रीमियर में पूरी बच्चन फैमिली साथ नजर आई थी। सामने आए वीडियो में साफ पता चल रहा था कि ऐश्वर्या की ननद श्वेता और सास जया उन्हें लगातार इग्नोर कर रही थीं। इवेंट के बाद यह भी कहा जा रहा है कि अमिताभ ने ऐश्वर्या को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया। अमिताभ कुल 74 लोगों को फॉलो करते हैं।

प्रस्तुति




रविवार को भुवनेश्वर में राज्य स्तरीय दिव्यांग महोत्सव-2023 के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम ने रविवार को आचार्यश्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा महोत्सव के अवसर पर मेगा मेडिकल शिविर का आयोजन तेरापंथ भवन गांधीनगर में किया गया। इस शिविर में रक्त जांच का सहयोग एमफाइन की तरफ से किया गया।



# सुपात्र को दान दिए बिना पाप कर्मों की निर्जरा नहीं होती है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हिरीयूर। बेंगलूरु से हिरीयूर की ओर विहार करते हुए रास्ते में अपने ठहराव पर साध्वी भव्यगुणाश्री ने कहा कि धार्मिक क्षेत्र में सम्यक तत्व का चिंतन करना ही श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक होता है। पांच अंगों के साथ गुरु को नमन करते हैं तो नीच गोत्र का बंधन टूटता है और उच्च गोत्र का पुण्य फल मिलता है। सुपात्र को दान दिए बिना पाप कर्मों की निर्जरा नहीं होती है। साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि सत्संग हमेशा सकारात्मक ऊर्जा तो देता ही है, साथ ही हमारा यश भी बढ़ाता है।

ऐसे में धार्मिक स्थलों और तीर्थों को ऊर्जा का केन्द्र माना जाता है। कहा जाता है कि जो ऊर्जा इन जगहों पर रहती है, वह और कहीं नहीं पाई जाती। यही कारण है कि इन स्थानों पर जाकर मनुष्य का मन शांत और ऊर्जावान हो जाता है। इन स्थानों पर जाने वाला व्यक्ति हमेशा ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा होता है, इसलिए हमें सत्संग की घड़ी को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। पारस भंसाली ने बताया कि साध्वीवृंद मंगलवार को हिरिरयूर पहुंचेगे। विहार सेवा मे नरेन्द्रकुमार भंडारी, निकेश भंडारी, शिवकुमार देवासी, ओम देवासी आदि ने लाभ लिया।



# नववर्ष के उपलक्ष्य में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 28 से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। नववर्ष आगमन के उपलक्ष्य में अलसूर स्थित उदासीन मठ गौशाला में महंत बालयोगी गणेशदासजी महाराज के आशीर्वाद से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 28 दिसम्बर से 3 जनवरी तक किया जा रहा है। इस भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में व्यासपीठ से आचार्य मुरारी दाधीच कथा का वाचन करेंगे। इस कथा के संदर्भ में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई तथा जिम्मेदारियां बांटी गई। बैठक में रवीन्द्र पारीक, पवन दायमा, मनोज शर्मा, हर्ष पारीक, अनिल पारीक, श्यामकुमार, गो सेविका सत्संग मंडल की सदस्याएं उपस्थित थीं।




# आचार्यश्री के दीक्षा महोत्सव पर आयोजित किया मेगा मेडिकल शिविर, सैंकड़ों लोग हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम ने रविवार को आचार्यश्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा महोत्सव के अवसर पर मेगा मेडिकल शिविर का आयोजन तेरापंथ भवन गांधीनगर में किया गया। इस शिविर में रक्त जांच का सहयोग एमफाइन की तरफ से किया गया। नेत्र जाँच में सहयोग दिव्य दृष्टि हॉस्पिटल के डॉक्टर प्रकाश जैन, दंत जाँच में सहयोग अरिहंत डेन्टल सेन्टर के डॉ. अरिहंत भंडारी, होम्योपैथिक जांच में सहयोग डॉक्टर मनीषा चोपड़ा, ऑर्थोपेडिक जांच में महावीर आर्थोकेयर स्पेशलिटी सेंटर के डॉक्टर महावीर जैन, न्यूट्रिशन जांच में सहयोग रचना बाबेल ने किया। इसके अतिरिक्त एचसीजी हॉस्पिटल के सहयोग से कैंसर चेकअप और स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन हुआ जिसमें करीब 200 लोग लाभान्वित हुए। शिविर का उद्घाटन प्रायोजक चंपालाल नाहर परिवार ने किया। इस शिविर में टीपीएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिम्मत मांडोत, टीपीएफ के पूर्व मुख्य न्यायसी एमसी बलदोटा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय धारीवाल, साउथ जोन सेक्रेटरी श्रवण सियाल, टीपीएफ बेंगलूरु के अध्यक्ष हितेश गिरिया एवं कार्य समिति सदस्यों की उपस्थिति रही। शिविर के संयोजक टीपीएफ उपाध्यक्ष संजय मालू और आशुतोष नाहर थे।

# राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर : मलकीत सिंह बने 6 रेड स्नूकर चैम्पियन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। मलकीत सिंह यहां चल रही राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप के फाइनल में आरएसपीबी के साथी ई पांडुरंगइया को हराकर नये राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर पुरुष चैम्पियन बने। मलकीत सिंह ने शनिवार को रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के पांडुरंगइया को 'बेस्ट ऑफ 13' फ्रेम के फाइनल में 7-5 से शिकस्त दी। इससे पहले उन्होंने सेमीफाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के प्रबल दावेदार और 26 बार के आईबीएसएफ विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी को 6-5 से पराजित किया। पांडुरंगइया ने दूसरे सेमीफाइनल में पीएसपीबी के आदित्य मेहता को 6-4 से हराया था। पूर्व चैम्पियन आडवाणी का हारना भारतीय क्यू खेल जगत के लिए हैरान करने वाला रहा क्योंकि एक समय उन्होंने मैच 5-3 से लगभग अपने नाम कर ही लिया था। लेकिन मलकीत सिंह ने अंतिम तीन फ्रेम में 59-0, 43-1, 67-13 जीतकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया।

पिछले चरण में उप विजेता आडवाणी तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मेहता से हार गये। आडवाणी ने कहा, ''मलकीत ने संयम बनाये रखा और अंत में मुझे हरा दिया।'' महिलाओं की 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप में गत चैम्पियन विद्या पिल्लई (कर्नाटक) क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी हैं। उनके अलावा मौजूदा आईबीएसएफ विश्व अंडर-21 स्नूकर चैम्पियन कीर्थाना पांडियन (कर्नाटक) और उप विजेता अनुपमा रामचंद्रन (तमिलनाडु) ने भी क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।




# निशुल्क जांच शिविर में सैंकड़ों लोग हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजय संभव फाउंडेशन एवं ज्योति होप फाउंडेशन ने आरबीडी स्टील वाटर अपार्टमेंट, हरलूर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

इस शिविर में आलोका विजन प्रोग्राम, कावेरी अस्पताल और एमपैथ लैब के सहयोग से अपार्टमेन्ट के सफाईकर्मी, माली, सुरक्षा गार्ड इत्यादि का नेत्र परीक्षण, रक्त परीक्षण, ईसीजी और अन्य स्वास्थ्य जांचें की गई। करीब 16 लोगों को आवश्यकतानुसार पावर वाले चश्में उपलब्ध करा दिए जाएंगे। इस आयोजन ने ज्योति होप फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति, गौतम राज, संभव फाऊंडेशन के विजयशंकर गुप्ता, भूवेशगुप्ता, सुजीतकुमार साहू आदि उपस्थित थे। संभव फाऊंडेशन के अध्यक्ष डॉ रवि राजहंस ने सभी को धन्यवाद दिया।



# अन्नपूर्णेश्वरीनगर एटीडीसी में टीएमटी मशीन का हुआ लोकार्पण

## तेयुप विजयनगर द्वारा संचालित है यह डायग्नोस्टिक सेन्टर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर द्वारा संचालित पाँचवें आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर में जैन संस्कार विधि से अभातेयुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मांडोत की अध्यक्षता में टीएमटी मशीन का लोकार्पण किया गया। परिषद अध्यक्ष राकेश पोखरणा से सभी का स्वागत किया। अभातेयुप प्रबुद्ध विचारक दिनेश पोखरणा ने तेयुप विजयनगर के प्रति मंगलकामना प्रकट की व निरंतर सेवा कार्य में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा प्रदान की।

एटीडीसी के राष्ट्रीय सहप्रभारी आलोक छाजेड ने बताया कि सहप्रभारी के रूप में उनकी यह पहली यात्रा है जो कि बहुत सफल रही। नूतन टीएमटी मशीन प्रायोजक एवं उद्घाटनकर्ता चंद्रशेखर शर्मा उपस्थित थे। पवन मांडोत ने कहा कि विजयनगर परिषद से ही एटीडीसी की शुरुआत हुई और आज देश भर में कई स्थानों पर इसका संचालन हो रहा है।

इस मौके पर तेयुप विजयनगर के पूर्व अध्यक्ष राजे छाजेड, दिनेश मरोठी, महावीर टेबा, अमितदक, श्रेयांस गोलछा, सभा के उपाध्यक्ष सुरेश मांडोत सहित तेयुप के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। मंत्री कमलेश चोपड़ा व एटीडीसी संयोजक विजय चावत ने धन्यवाद दिया।

# सीओपी28 में कार्बन कर जलवायु लड़ाई में तब्दील हुआ

दुबई/दक्षिण भारत। भारत और चीन जैसे देशों से आयातित सामान बनाने के लिए उत्सर्जित कार्बन प्रदूषण पर कर लगाने की यूरोपीय संघ की योजना ने दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में बहस छेड़ दी है, क्योंकि गरीब देशों का तर्क है कि कर आजीविका और आर्थिक विकास को नुकसान पहुंचाएगा। कार्बन सीमा समायोजन तंत्र के रूप में जाना जाने वाला यह कर गैर-ईयू देशों में लोहा, स्टील, सीमेंट, उर्वरक और एल्यूमीनियम जैसे ऊर्जा-गहन उत्पादों को बनाने के लिए उत्सर्जित कार्बन पर एक मूल्य निर्धारित करना चाहता है। यूरोपीय संघ का कहना है कि यह घरेलू स्तर पर निर्मित वस्तुओं के लिए समान अवसर पैदा करता है, जिन्हें सख्त हरित मानकों का पालन करना होता है और आयात से उत्सर्जन भी कम होता है। लेकिन अन्य देश, विशेष रूप से विकासशील देश, चिंतित हैं कि इससे उनकी अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान होगा और इस गुट के साथ व्यापार करना बहुत महंगा हो जाएगा। यूरोपीय आयुक्त वोपके होकेस्ट्रा ने सीओपी28 में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सीबीएएम का एकमात्र उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में कहीं और कार्बन रिसाव को रोकना है।

कर 2030 तक उत्सर्जन में 55 प्रतिशत की कटौती के ब्लॉक के जलवायु लक्ष्य को प्राप्त करने और वित्त पोषण के लिए महत्वपूर्ण है। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि उत्सर्जित कार्बन पर प्रति टन 44 अमेरिकी डॉलर का कर लगाने से आपूर्ति श्रृंखला से प्रदूषण आधा हो जाएगा। यह भी अनुमान लगाया गया है कि अमीर देश कर से 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर कमाएंगे, लेकिन गरीब देशों को 5.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक का नुकसान हो सकता है।

# पलानीस्वामी ने तमिलनाडु सरकार से की प्रभावितों के लिए राहत राशि बढ़ाकर 12,000 रुपये करने की मांग

चेन्नई।अन्नाद्रमुक के महासचिव इडापड्डी के पलानीस्वामी ने द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) शासन से चक्रवात राहत राशि 6,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये करने की मांग की, क्योंकि भीषण चक्रवात में लोगों ने अपना सामान और आजीविका का साधन खो दिया है। पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि द्रमुक शासन ने बाढ़ के पानी की निकासी के लिए नाली बनाने का काम ठीक से नहीं किया। साथ ही उन्होंने सरकार पर जलभराव रोकने के लिए ''उचित एहतियाती कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया।'' चक्रवात 'मिगचॉग' के कारण भारी बारिश से आई बाढ़ के बाद दैनिक वेतन भोगी और मध्यम वर्ग के लोग काम पर नहीं जा पा रहे हैं जिसका असर उनकी कमाई पर पड़ा है। इसके अलावा घरों में पानी भर जाने से लोगों के घरों का सामना भी खराब हुआ है।

पलानीस्वामी ने कहा कि इसलिए बाढ़ और बारिश से प्रभावित परिवारों के लिए घोषित 6,000 रुपये की नकद सहायता राशि को बढ़ाकर 12,000 रुपये किया जाना चाहिए और यह मदद बिना किसी शर्त के सभी प्रभावितों को दी जानी चाहिए।

## विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूर के विनायक मित्र मंडली एवं श्री जय राम सेवा मंडली के संयुक्त तत्वावधान में जयनगर स्थित राम मंदिर में कार्तिक मास दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र मुणोत ने गोपूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद मालती सोमशेखर, फिल्म निर्देशिका रूपा एवं भक्त मंडली के सदस्यों ने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ दीप प्रज्ञवलित किये। 10001 दीपों की रोशनी से मंदिर का पूरा परिसर जगमगा उठा। महिलाओं ने रंगोली प्रतिस्पर्धा में भी हिस्सा लिया। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर नववर्ष 2024 कैलेंडर का विमोचन किया गया। आयोजकों ने अतिथियों को सम्मानित किया।



# सूरीमंत्र साधना के समापन पर हुई मां लक्ष्मी की विशेष आराधना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ के तत्वावधान में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी की प्रेरणा से मुनि मेरुपद्मसागरजी एवं अर्हमपद्मसागरजी की निश्रा में सूरिमंत्र साधना का आखिरी दिन लक्ष्मीदेवी की बारह सौ आहुतियों के द्वारा विशेष आराधना की। इस मौके पर ट्रस्टीगण एवं गणमान्य कई श्रावकों ने इसका लाभ क्रिया। मुनिद्वय ने कहा कि यह साधना थकावट नहीं देती बल्कि ऊर्जा देती है। यह साधना कई कठिन कार्यों में भी सफलता दिलाती है। जो लोग विपरित अवस्था के होते है, वे भी अनुकुल व्यवहार करने लगते है। इस साधना से कई प्रारुप की साधना से पुण्य की प्राप्ति होती है।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com